Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 75 | मंगलवार, 18 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## तुलसी गबार्ड से मुलाकात के बाद बोले रक्षा मंत्री

# 'खालिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई करे अमेरिका'

**नई दिल्ली।**

भारत ने अमेरिका से खालिस्तान समर्थकों पर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। सोमवार को अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी संगठन सिख फार जस्टिस (एसएफजे) की भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। कहा कि अमेरिका इस गैरकानूनी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तुलसी गबार्ड को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन बब्बर खालसा के साथ एसएफजे के संबंधों की जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने एसएफजे द्वारा अमेरिका में हिंदू धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने पर चिंता जताई और कहा कि ऐसी गतिविधियों को रोका जाना चाहिए।



राजनाथ सिंह से मिलने के बाद तुलसी गबार्ड ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ आपसी सहयोग बढ़ाने से जुड़े कई मुद्दों पर बात हुई। लेकिन, जिस चीज ने इस मुलाकात को अलग बनाया वह इन दोनों के बीच उपहारों का आदान-प्रदान रहा।

पीएम मोदी ने गबार्ड को हाल ही में संपन्न महाकुंभ के अवसर पर एकत्रित गंगा जल एक कलश में भरकर भेंट किया। हिंदू धर्म को मानने वाली गबार्ड ने मोदी को तुलसी की माला अपनी तरफ से तोहफा के तौर पर दिया। पिछले दो महीनों के बीच मोदी और गबार्ड के बीच यह दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले फरवरी में मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान इनकी मुलाकात हुई थी। गबार्ड रविवार को भारत दौरे पर आई हैं। वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान भारत की यात्रा करने वाली अमेरिकी प्रशासन की पहली वरिष्ठ अधिकारी हैं।

## पूर्वोत्तर के चार राज्यों में परिसीमन की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को 3 महीने का दिया समय

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और असम में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए केंद्र सरकार को तीन महीने का समय दिया। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध पर गौर किया। तुषार मेहता ने अदालत से कुछ और समय मांगा था। इसके बाद पीठ ने सुनवाई 21 जुलाई तक टाल दी और केंद्र सरकार से तीन महीने के भीतर जरूरी कार्रवाई करने को कहा। शीर्ष अदालत ने पहले भी इन राज्यों में परिसीमन प्रक्रिया में देरी पर चिंता जताई थी। पीठ ने केंद्र के वकील को निर्देश लेने के लिए कहा और पूछा कि एक बार राष्ट्रपति अधिसूचना को रद कर देते हैं तो परिसीमन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए यह पर्याप्त है। सरकार इसमें कहां आती है? इस पर केंद्र सरकार ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड के लिए विचार-विमर्श चल रहा है। मणिपुर में जारी हिंसा ने स्थिति को प्रतिकूल बना दिया है। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता जी गंगमेई ने कहा था कि राष्ट्रपति के 2020 के आदेश ने इस परिसीमन शुरू करने को कानूनी रूप से अनिवार्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि रिट याचिका दायर किए जाने के दो साल बीत चुके हैं, लेकिन अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में परिसीमन शुरू करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। गंगमेई ने कहा कि अकेले असम में प्रगति हुई है। कानून और न्याय मंत्रालय के आदेश के बाद अगस्त 2023 में परिसीमन पूरा हो गया है। भारत के चुनाव आयोग ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 8ए के तहत परिसीमन शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से विशिष्ट निर्देशों की आवश्यकता थी।



### तत्काल परिसीमन की मांग

पीठ पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर और नागालैंड राज्य के लिए परिसीमन मांग समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में इन राज्यों में परिसीमन प्रक्रिया को तत्काल लागू करने की मांग की गई थी।

## मणिपुर में दो समुदायों के बीच टकराव के बाद तनाव

**इंफाल।** मणिपुर के चूड़चंदपुर में हमार जनजाति के नेता रिचर्ड हमार पर हमला करने के एक दिन बाद सोमवार को तनाव बढ़ गया। हमार और जोमी समुदायों के बीच टकराव के कारण पूरे जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि स्थानीय लोग हमलावरों की पहचान करने की मांग कर रहे हैं। रिचर्ड का वाहन एक दोपहिया से टकरा गया, जिसके बाद उन पर हमला किया गया।

सतर्कता के तहत अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने पूरे जिले में बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। आदेश में कहा है कि चूड़चंदपुर के पुलिस अधीक्षक से मिली रिपोर्ट में बताया गया है कि जिले में कानून एवं व्यवस्था के उल्लंघन का गंभीर खतरा है।

## गृह मंत्रालय ने जारी की 67 आतंकी और गैरकानूनी संगठनों की नई सूची

**नई दिल्ली।**

गृह मंत्रालय ने देश की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले 67 प्रतिबंधित संगठनों की अपडेडेट सूची जारी की है। इन संगठनों पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम या यूएपीए के तहत कार्रवाई की गई है।

इन संगठनों की आतंकवादी गतिविधियों में भूमिका रही है। सूची में 45 संगठनों को यूएपीए की धारा 35 के तहत आतंकी संगठन के रूप में चिह्नित किया गया है, जबकि 22 संगठनों को यूएपीए की धारा 3(1) के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इनमें से कई संगठन भारत में उग्रवाद, अलगाववाद और हिंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। गृह मंत्रालय सूची को लगातार अपडेट करता रहता है। केंद्र सरकार देश में आतंकवाद और चरमपंथी गतिविधियां रोकने के लिए संगठनों को प्रतिबंधित संगठन घोषित करती है। यूएपीए के तहत सूचीबद्ध संगठनों को सख्त कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है, जिसमें संपत्ति जब्त करना और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल सदस्यों की गिरफ्तारी शामिल है। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन, इस्लामिक स्टेट (आइएस), खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, बब्बर खालसा इंटरनेशनल, खालिस्तान कमांडो फोर्स, हरकत-उल-मुजाहिदीन, खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स, इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, और जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश जैसे संगठन शामिल हैं। प्रतिबंधित आतंकी संगठनों में जम्मू एंड कश्मीर इस्लामिक फ्रंट, नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट आफ बोडोलैंड (एनडीएफबी), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ), कंगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), मणिपुर पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट, नेशनल लिबरेशन फ्रंट आफ त्रिपुरा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मा?र्क्सवादी-लेनिनवादी), माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर, अल बद्र, जमीयत-उल-मुजाहिदीन, अल-कायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआइएस) शामिल हैं। सिमी समेत कई गैरकानूनी संगठनों पर प्रतिबंध सरकार ने कई संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया है।



### लिस्ट में ये संगठन भी शामिल

जमात–ए–इस्लामी, जम्मू और कश्मीर जम्मू और कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (मोहम्मद यासीन मलिक गुट), जम्मू और कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी, मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट); तहरीक–ए–हुर्रियत, जम्मू और कश्मीर, मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू और कश्मीर (भट गुट); मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू और कश्मीर (सुमजी गुट); जम्मू और कश्मीर नेशनल फ्रंट, जम्मू और कश्मीर पीपुल्स फ्रीडम लीग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। जम्मू–कश्मीर पीपुल्स लीग के चार गुटों जेकेपीएल (मुख्ता अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद तोता), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान उर्फ सोपोरी) और याकूब शेख के नेतृत्व वाले जेकेपीएल (अजीज शेख) का भी नाम सूची में है। सूची में सात मैतेयी उग्रवादी संगठन भी शामिल हैं।

## 'वक्फ बिल पर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश'




**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद और वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने विधेयक के खिलाफ योजनाबद्ध विरोध के लिए ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) की आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि इससे विभाजन पैदा हो सकता है और संसद के कानून बनाने के अधिकार को चुनौती मिल सकती है।

वक्फ बिल पर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि एआईएमपीएलबी ने पहले ही समिति के समक्ष अपनी चिंताएं प्रस्तुत कर दी थीं और रिपोर्ट में उन बिंदुओं पर विचार किया गया है। इतना ही नहीं, हमने इसे अपनी रिपोर्ट का हिस्सा भी बनाया है तो फिर वे दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं उनके द्वारा उठाया गया यह कदम लोकतांत्रिक नहीं है। वहीं, एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने दावा किया कि सरकार का उद्देश्य हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विभाजन पैदा करना और देश में अशांति भड़काना है।

### महिलाओं और विधवाओं को मिलेगा लाभ

संशोधन के बाद एक बेहतर कानून बनने जा रहा है। गरीबों, महिलाओं, विधवाओं और बच्चों को भी वक्फ का लाभ मिलेगा। उन्होंने मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। पाल ने कहा कि अगर वे इस वक्फ (संशोधन) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं तो कहीं न कहीं वे देश के लोगों में नफरत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप का एक और बड़ा फैसला

# जो बाइडन के बच्चों की सिक्योरिटी हटवाई कहा- टैक्सपेयर्स के पैसे से मौज कर रहे



**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के बच्चों हंटर बाइडन और एश्ले बाइडन के लिए सीक्रेट सर्विस प्रोटेक्शन रद कर दी।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। ट्रंप ने पोस्ट में कहा, 'हंटर बाइडन को लंबे समय तक सीक्रेट सर्विस प्रोटेक्शन मिली हुई थी, जिसका पूरा भुगतान संयुक्त राज्य अमेरिका के करदाताओं द्वारा किया गया था।' ट्रम्प ने कहा, 'कृपया सुनिश्चित करें कि तत्काल प्रभाव से हंटर बाइडन को अब सीक्रेट सर्विस प्रोटेक्शन नहीं मिलेगी। इसी तरह, एश्ले बिडेन, जिनके पास 13 एजेंट हैं, उन्हें सूची से हटा दिया जाएगा।' ये घोषणा एक रिपोर्टर द्वारा ट्रम्प से हंटर बाइडन की सीक्रेट सर्विस के बारे में पूछे जाने के कुछ घंटों बाद हुई। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इसके बारे में पता नहीं था, लेकिन वे इसकी जांच करेंगे। अभी हाल ही में व्हाइट हाउस में दाखिल होने की कोशिश कर रहे एक युवक को सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने गोलियों से छलनी कर दिया था। सीक्रेट सर्विस की ओर से जारी बयान के अनुसार, व्हाइट हाउस से लगभग एक ब्लॉक की दूरी पर हुई गोलीबारी में कोई और घायल नहीं हुआ। गोलीबारी के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्लोरिडा में थे। सीक्रेट सर्विस को स्थानीय पुलिस से एक कथित आत्मघाती व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी, जो इंडियाना से यात्रा कर रहा था। एजेंटों ने उस व्यक्ति की कार और विवरण से मेल खाने वाले एक व्यक्ति को पास पाया। सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा कि जैसे ही अधिकारी उसके पास पहुंचे, उस व्यक्ति ने बंदूक लहराई और सशस्त्र टकराव शुरू हो गया, जिसके दौरान हमारे कर्मियों ने गोलियां चलाईं।

## जेलेंस्की ने आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ बदला, एंड्री ह्नातोव को मिली जिम्मेदारी

**कीव।**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने लेफ्टिनेंट जनरल अनातोली बारहिलेविच की जगह मेजर जनरल एंड्री ह्नातोव को नया आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि सशस्त्र बलों में फेरबदल का उद्देश्य उनकी युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हम यूक्रेन के सशस्त्र बलों को उनकी युद्ध प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यवस्थित रूप से बदल रहे हैं। उन्होंने इस पदोन्नति की सराहना की, जो उनके अनुसार उनकी सिफारिश पर आई है। उमरोव के अनुसार, ह्नातोव के पास 27 वर्षों से अधिक का सैन्य अनुभव है। उन्होंने पहले समुद्री ब्रिगेड, पूर्वी ऑपरेशनल कमान और यूक्रेनी सशस्त्र बलों के संयुक्त बलों की कमान संभाली है।



## पीएम मोदी से मिलीं तुलसी गबार्ड, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।**

अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड इस समय भारत के दौरे पर हैं। सोमवार शाम दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुलसी गबार्ड को उपहार भेंट किया।

इससे पहले तुलसी गबार्ड ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। रक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक में भारत ने अमेरिका से खालिस्तानी आतंकी समूह सिख फॉर जस्टिस और इसके संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तुलसी गबार्ड ने आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे खतरों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। भारत के दौरे पर आई अमेरिका की नेशनल इंटेलीजेंस की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच मौजूदा रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ बनाने, खास तौर पर अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल व इससे जुड़ी प्रौद्योगिकी को साझा तौर पर विकसित करने के विषय पर गहन विमर्श हुआ।

### पीएम मोदी ने तुलसी गबार्ड को दिया उपहार

बता दें कि दोनों दिग्गजों ने एक दूसरे को उपहार दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी खुफिया प्रमुख को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से लाया गया गंगा जल से भरा एक कलश भेंट किया। बता दें कि दोनों दो महीने के अंदर दोनों पीएम मोदी और तुलसी गबार्ड की ये दूसरी बैठक है। दोनों के बीच इससे पहले फरवरी में मुलाकात हुई थी।



## संपादक की कलम से

### शर्मसार हैं हम

कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। निश्चय ही यह देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार खराब हो रही है। गाहे–बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। वहीं दूसरी ओर दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़–सी आई हुई है। न केवल विदेशियों बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की तमाम घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है। कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़–सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है। सामाजिक स्तर पर संयुक्त परिवारों के बिखराव से भी यह संकट और बढ़ा है। गांव व शहर में पहले सामाजिक संरचना मनुष्य को संयमित व मर्यादित जीवन जीने को बाध्य करती थी। हमारी शिक्षा व्यवस्था से नैतिक शिक्षा की कमी भी अखरती है। दरअसल, सोशल मीडिया पर ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है जो पश्चिमी जीवन शैली की तर्ज पर स्वच्छंद यौन व्यवहार को प्रोत्साहित करते हैं। जिसे युवा सामान्य जीवन में स्वच्छंदता का पर्याय मानने लगा है। कहीं न कहीं महानगरीय संस्कृति में नई पीढ़ी पर परिवार संस्था की ढीली होती पकड़ भी इन अपराधों के मूल में है।



ललित शर्मा
संपादक

# भारी पड़ते भजनलाल और रफ्तार पकड़ता राजस्थान




भजनलाल शर्मा ने सियासत के शिखर की राह पकड़ ली हैं। ताकत के तेवर तीखे कर लिए हैं और अफसरशाही के करतबों पर कसावट की कला भी जान गए हैं। मुख्यमंत्री के तौर पर सवा साल पूरा कर लेने के साथ ही भजनलाल शर्मा ने विधायकों को अपना बनाने के गुर भी उन्होंने सीख लिए और संगठन को साधने की कला भी अपना ली है। बीजेपी के अपने पूर्वज मुख्यमंत्रियों, भैरोंसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे के राज करने की राह पर भजनलाल भी चल पड़े हैं। आजकल कुछ अलग लग रहे हैं और उनकी पैनी नजरों में सत्ताधीश होने के तेवर तैरने लगे हैं। सवा साल पहले जब राजस्थान की कमान सम्हाली थी, तो उनकी अपनी बीजेपी में ही उनके मुख्यमंत्री बनने को, कोई अनुभवहीन को सत्ता सौंपना बता रहा था, तो किसी को वे कमजोर होने की वजह से ज्यादा लंबे न चलने वाले मुख्यमंत्री लग रहे थे। लेकिन तस्वीर बदल गई है। पार्टी पर उन्होंने पकड़ बना ली है, केंद्र का विश्वास भी जीत लिया है और राजनीति के दांव पेंच में भी भजनलाल भारी पड़ने लगे हैं। बड़े और बड़बोले मंत्रियों की बोलती बंद करना सीख लिया है, और मजबूत विधायकों के जरिए सरकार की ताकत बढ़ाने करने के रहस्य भी उन्होंने जान लिए हैं। सत्ता के शक्ति संचार से शर्मा उस समय सर्वाधिक समर्थ हो गए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के उद्घाटन समारोह में भजनलाल की पीठ थपथपा कर सीधा संदेश दे दिया था कि ह्यपंडितजीह्न कहीं जाने वाले नहीं हैं। तभी से राजनीति की फसलों, सत्ता से विवादों के फासलों और सरकार के फैसलों और में भी भजनलाल शर्मा की छाप मजबूत दिखने लगी है।

पहली बार विधायक और पहली ही बार मुख्यमंत्री भी बन गए भजनलाल शर्मा। इसीलिए विरोधी उनको अनुभवहीन और कमजोर बताकर निशाने पर लेते रहे। हालांकि, एक व्यक्ति के तौर पर शर्मा भले ही सीधे हैं, सरल स्वभावी भी हैं और सादगी पसंद भी। लेकिन सरकार के मुखिया के तौर पर अब वे अपने पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तरह ही, अप्रत्याशित तो हैं ही, असरकारक भी हैं और असाधारण भी। राजस्थान में वे अपनी ही पार्टी में, भले ही बहुत बड़े नेता कभी नहीं रहे, लेकिन 6 प्रदेश अध्यक्षों के साथ संगठन की सियासत सम्हालने के अनुभव ने उनको इतना धारदार तो बना ही दिया था कि किसको, कब, कहां, कितना और किसके जरिए कैसे साधना है, यह वे मुख्यमंत्री बनने से पहले ही अच्छी तरह जान गए थे। इसीलिए, मुख्यमंत्री पद पर काम करते हुए भजनलाल शर्मा, सवा साल पहले जैसे थे, वैसे तो अब कतई नहीं है। शासनकर्ता के सर्वोच्च शिखर पर स्थापित होने के संदेश देने उन्होंने सीख लिए हैं और अपने स्वभाव की सियासी तासीर भी बदल डाली है। वे शेखावत और राजे की राह पर चल रहे हैं, तो किसी की भी ना सुनने वाले मनमौजी अफसर भी अब उनका कहना मानने लगे हैं, और वरिष्ठ होने के दम भरने वाले अफसर भी उनसे दबने लगे हैं। सियासत के समीकरण शर्मा ने ऐसे साध रखे हैं कि विधायकों की एक बड़ी संख्या उनकी व्यक्तिगत टीम का हिस्सा बनने को बेताब है और मंत्रिमंडल में तो सरताज वे हैं ही।

> राजस्थान में बहुत ही कम समय में वे प्रदेश के निर्विवाद नेता के रूप में उभरे हैं, और बीजेपी में किसी अन्य शक्ति केंद्र की धारणा को वे पूरी तरह से समाप्त करने में भी कामयाब रहे है, यही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की खास बात है।

राजस्थान में बहुत ही कम समय में वे प्रदेश के निर्विवाद नेता के रूप में उभरे हैं, और बीजेपी में किसी अन्य शक्ति केंद्र की धारणा को वे पूरी तरह से समाप्त करने में भी कामयाब रहे है, यही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की खास बात है। एक और खास बात यह भी है कि उनमें न तो मुख्यमंत्री पद का कभी घमंड दिखा है और न ही किसी तरह का अहंकार। अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ उनका बेहतर तालमेल है और प्रभारी डॉ राधामोहन दास अग्रवाल के विवादित बयानों के संभावित नुकसान पर भी रोक लगाने में वे सफल रहे हैं। अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए 9 जिलों को उनके द्वारा भंग करने से उपजे विवाद को शांत करने में भी मुख्यमंत्री पूरी तरह से सफल रहे हैं, तो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के विधानसभा अध्यक्ष पर स्तरहीन बयान पर विपक्ष के नेता से माफी मंगवाने का जो रणनीतिक दांव भजनलाल शर्मा ने खेला, उसको भी उनकी बढ़ती राजनीतिक ताकत का संकेत माना जा रहा है। बीजेपी की राजनीति में ही नहीं, बल्कि समूचे प्रदेश भर में शर्मा की छवि नेक इरादों वाले एक ईमानदार मेहनती नेता की रही है, लांछन अब तक कोई लगा नहीं सका और पेपर लीक जैसी घटना भी उनके कार्यकाल में अब तक तो नहीं हुई।

राजस्थान की राजनीति में तेजी से मजबूती पाने की सफलता में भजनलाल शर्मा का व्यक्तित्व और स्वभाव सबसे बड़ा सहायक रहा है। मुख्यमंत्री के तौर पर भजनलाल शर्मा की ताकत को राजस्थान में केवल इसी से समझा जा सकता है कि देश भर में योगी आदित्यनाथ सबसे लोकप्रिय और ताकतवर मुख्यमंत्री गिने जाते हैं। मगर, योगी को तो फिर भी उत्तर प्रदेश की राजनीति में ही उनके साथी नेताओं द्वारा ही चुनौती मिलती रही हैं, मगर भजनलाल शर्मा के लिए कोई नेता राजस्थान में चुनौती नहीं बन पा रहा है। शर्मा ने सरलता से सबको अपना बनाने की कोशिश की है और वरिष्ठों के प्रति आदर व अवमानना का तो सवाल ही नहीं है। वसुंधरा राजे से पहली बार मिलने वाले लोग, पहली नजर में तो उनके व्यक्तित्व में राजवंश का रौबदाब ही देख पाते थे, उसके अलावा उनके व्यक्तित्व में और कुछ और भी देखे, तब तक तो मुलाकात का वक्त भी खत्म भी हो जाता। जबकि भजनलाल शर्मा से मिलने वाले कहते हैं कि मुख्यमंत्री अपने सदभावनापूर्ण व्यवहार के जरिए पहली ही मुलाकात में हर किस का दिल जीत लेते हैं। राजस्थान और देश भर में, मुख्यमंत्री शर्मा के बेहद सहज व सरल राजनीतिक आचरण ने विरोधियों के अपने बारे में इस प्रचार को लगभग खारिज कर दिया है, जिसमें उनके नए होने को राजनीतिक रूप से कमजोरी बताया जा रहा था।

वैसे तो, मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद से ही भजनलाल शर्मा ने स्वयं को राजस्थान में सत्ता के एकमात्र केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया था, लेकिन प्रशासनिक निर्णयों के अधिकार की अपनी ताकत को भी अब प्रभावी ढंग से स्थापित कर दिया है। हालांकि फिर भी, राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा अक्सर यह कहते रहे हैं कि मुख्यमंत्री नहीं, असल में सरकार तो अफसर चला रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का यह नरेटिव ही फेल कर दिया है। सरकार में फैसले वे खुद लेते हैं और उन पर अफसरों से अमल भी वे अपनी तरह से करवाते हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री ने राज्य में औद्योगिक विकास और निवेश बढ़ाने के लिए मजबूत कदम उठाते हुए प्रदेश में हर महीने 1000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर अमल के लिए अफसरों पर लगाम कसी है। ह्यराइजिंग राजस्थान समिटह्न में राजस्थान में लगभग 20 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए थे, उनको साकार करने को प्राथमिकता पर रखते हुए वरिष्ठ अफसरों को उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी एमओयू को प्रैक्टिकल स्टेज तक पहुंचाया जाए, जिसके परिणाम भी आने शुरू हो गए हैं। मुख्य सचिव सुधांश पंत और मुख्य सलाहकार शिखर अग्रवाल जैसे ताकतवर अफसरों का निश्चित रूप से महत्वपूर्ण प्रशासनिक मामलों के परामर्श लाजमी है, मगर अंतिम निर्णय तो पूरी तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पास ही सुरक्षित है। भजनलाल शर्मा की इस कार्यप्रणाली ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि प्रशासनिक कार्यक्रम तो मुख्यमंत्री कार्यालय के एजेंडे के अनुरूप ही चलेंगे। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने विधायकों की भावनाओं को समायोजित करने और उनके जरिए प्रदेश के विकास को अंजाम देने के लिए भी कुछ खास कदम उठाए हैं, जिससे जमीनी स्तर की राजनीतिक गतिशीलता के प्रति उनका प्रभाव और जवाबदेही दोनों मजबूत हुई है। विरोधी विधायकों के शमन के इंतजाम भी उनके पास हैं। माना जा रहा है कि सत्ता और संगठन में शर्मा का यह सर्वसमावेशी दृष्टिकोण प्रदेश के कई चुनाव क्षेत्रों में बीजेपी का समर्थन पहले से ज्यादा मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण नतीजे देगा। निष्कर्ष यही है कि राजस्थान में सरकार के निर्णय लेने की प्रक्रिया को शेखावत, वसुंधरा और गहलोत की तरह ही अपने अधिकारों को केंद्रीकृत करते हुए प्रशासनिक मामलों पर पकड़ बनाने के भजनलाल शर्मा के कदम उनकी मजबूत पकड़ को दिखा रहे हैं। वक्त जैसे-जैसे बीत रहा है, राजस्थान में बीजेपी मजबूत हो रही है और यह भी स्पष्ट होता जा रहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान के राजनीतिक और प्रशासनिक परिदृश्य को आकार देने वाले शिल्पकार साबित हो रहे हैं। अब, विरोधी चाहे उनको पर्ची सीएम कहें या कमजोर, और या फिर अनुभवहीन, लेकिन राजस्थान रफ्तार पकड़ रहा है और मुख्यमंत्री के तौर पर भजनलाल शर्मा भारी पड़ रहे है, जो सभी को साफ दिख भी रहा है। हां, यह सब उनके विरोधियों को अगर नहीं दिख रहा हो, तो वे अपनी दृष्टि की शल्य क्रिया करवाने को स्वतंत्र हैं! **– निरंजन परिहार**



## उदय किशोर साह

## ज्ञान की दो वरदान

### कविता

नहीं चाहिये हमें धन। वो दौलत
नहीं चाहिये पत्थर दिल मकान
पर्णकुटी में सुकून से बीते दिन
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की वरदान

नहीं चाहिये वैमनस्यता की फितरत
नहीं चाहिये लूट खसोट का सामान
संतोष से जी लुँ जग में जीवन भर
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की। वरदान

नहीं चाहिये झूठी शान की हसरत
नहीं चाहिये बेईमानों से। सम्मान
नित्य मिहनत से मिल जाये। रोटी
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की वरदान

नहीं चाहिये बदलने वाली हमें सूरत
नहीं चाहिये पापी का कोई प्रमाण
किसी के आगे ना झुके मेरी मस्तक
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की वरदान

नहीं चाहिये हमें पापी की सोहबत
नहीं चाहिये झुठी शान व गुमान
जग वालों से मिलता रहे मोहब्बत
ऐसा दो प्रभु ज्ञान की वरदान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विदेशी महिलाओं से दुष्कर्म से शर्मसार होता देश



ललित गर्ग

अतिथि देवो भवः भारतीय संस्कार में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया गया है, लेकिन आए दिन विदेशी मेहमानों के साथ हो रहे अपराध, यौन-दुराचार एवं व्यभिचार इसे धता बता रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद विदेशियों के साथ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे, ऐसी ही दो विदेशी महिलाओं संग हुई दरिंदगी की घटनाओं को सुन भारतीय लोगों का दिल दहल गया। कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। थोड़े-थोडे.अन्तराल के बाद होने वाली ऐसी घटनाएं न केवल शर्मसार कर रही है बल्कि भारत के संस्कारों एवं अस्मिता पर भी दाग लगा रही है। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशी बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की इन तमाम घटनाओं को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है? कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण एवं विकृत होती मानसिकता का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है, जिसे नियंत्रित करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए एवं सामाजिक जागृति का माहौल भी बनाया जाना चाहिए।

निश्चय ही विदेशी महिलाओं के साथ होने वाले ऐसे घिनौने एवं दुराचारी कृत्य देश की छवि को धूमिल करने वाले है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। इसने न सिर्फ समाज की छवि को धूमिल किया, बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डाला है। यह भारतीय पर्यटन को आहत कर सकता है, बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें।

समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार क्षत-विक्षत हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। लेकिन दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला अधिक चिन्ताजनक है। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। सवाल है कि जब ऐसी कोई आपराधिक घटना हो जाती है और जनाक्रोश उभरता तथा मामला तूल पकड़ लेता है, तभी सरकार, प्रशासन एवं पुलिस की नींद क्यों खुलती है? यही सक्रियता अगर सामान्य स्थितियों में भी कायम रहे, तो शायद आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति के भीतर कानूनी कार्रवाई का डर बन सकता है और इस तरह ऐसे अपराधों को पहले ही रोका जा सकता है।



विदेशी महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में विदेशी महिलाओं को लेकर गलत धारणा एवं विकृत सोच कायम है जो भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति को धुंधलाती है। देश की राजधानी दिल्ली में ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर हमें शर्मसार किया है, झकझोर दिया है। बड़ा सवाल यह है कि नारी अस्मिता को कुचलने की हिंसक मानसिकता का तोड़ हम अब भी क्यों नहीं तलाश पा रहे हैं? क्यों नये-नये एवं सख्त कानून बन जाने के बावजूद नारी की अस्मिता एवं अस्तित्व असुरक्षित है? क्यों हमारे शहरों को ह्यरेप सिटी ऑफ द वर्ल्डह्न कहा जाने लगा है। आखिर कब तक महिलाओं के साथ ये दरिन्दगीभरी एवं त्रासद घटनाएं होती रहेंगी? नारी की अस्मत का सरेआम लूटा जाना एवं उन पर हिंसा - एक घिनौना और त्रासद कालापृष्ठ है और उसने आम भारतीय को भीतर तक झकझोर दिया।

कौन मानेगा कि यह वही दिल्ली है, जो करीब तीन दशक पहले निर्भया के साथ हुई निर्ममता पर इस कदर आन्दोलित हो गई थी कि उसे इंसाफ दिलाने सड़कों पर निकल आई थी। जाहिर है, समाज की विकृत सोच को बदलना ज्यादा जरूरी है। रेप, यौन-दुष्कर्म, व्यभिचार जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रेपिस्टों एवं दुष्कर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और पुलिस व्यवस्था को और चाक-चौबंद करने की मांग के साथ समाज के मन-मिजाज को दुरुस्त करने का कठिन काम भी हाथ में लेना होगा। ये घटनाएं शिक्षित समाज के लिए बदनुमा दाग है। अगर ऐसी घटनाएं होती रहीं तो फिर कानून का खौफ किसी को नहीं रहेगा और अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी। कानून कितने भी क्यों न हों जब तक समाज स्वयं महिलाओं को सम्मान नहीं देगा तब तक कुछ नहीं हो सकता। समाज तमाशबीन बना रहेगा तो फिर कौन रोकेगा हैवानियत, दरिन्दगी को, बलात्कार को।

जैसे-जैसे देश आधुनिकता की तरफ बढ़ता जा रहा है, नया भारत-सशक्त भारत-शिक्षित भारत बनाने की कवायद हो रही है, वैसे-वैसे महिलाओं पर हिंसा एवं यौनाचार के नये-नये तरीके और आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। अवैध व्यापार, बदला लेने की नीयत से तेजाब डालने, साइबर अपराध, आनलाइन मित्रता और लिव इन रिलेशन के नाम पर यौन शोषण एवं हिंसा के तरीके हैं। पहले कहा जाता था कि ऐसे अपराध केवल निरक्षर और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा होते हैं लेकिन आजकल शहरों और महानगरों में महिलाओं एवं विशेषतः विदेशी महिलाओं के साथ अन्याय एवं यौन-दुष्कर्म की खबरें देखने और पढ़ने को मिल जाती हैं। हम सभी कल्पना रामराज्य की करते हैं पर रच रहे हैं महाभारत। महाभारत भी ऐसा जहां न कृष्ण है, न युधिष्ठिर और न अर्जुन। न भीष्म पितामह हैं, न कर्ण। सब धृतराष्ट्र, दुर्योधन और शकुनि बने हुए हैं। न गीता सुनाने वाला है, न सुनने वाला। बस हर कोई द्रोपदी का चीरहरण कर रहा है। सारा देश चारित्रिक संकट में है। जब समाज की मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्कर्म एवं दुष्प्रवृत्तियां ही होती हैं। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। जब कभी ऐसी किसी खौफनाक, त्रासद एवं डरावनी घटना की अनेक दावों के बावजूद पुनरावृत्ति होती है तो यह हमारी जबावदारी पर अनेक सवाल खड़े कर देती है।

प्रश्न है कि आखिर हम कब औरत की अस्मत को लुटने की घटना और हिंसक मानसिकता पर नियंत्रण कर पायेंगे? कब हम विदेशी लोगों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आतिथ्य प्रदान करने की पात्रता विकसित कर पायेंगे? अफसोसजनक यह है कि नये-नये नारों एवं उद्घोषों के साथ दुनियाभर के लोगों को भारत आने का आग्रह किया जाता है, मगर विदेश से भारत घूमने आने वाली महिलाओं के साथ ऐसी खौफनाक एवं डरावनी घटनाएं होना न केवल चिन्ताजनक बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण है। बड़ा सवाल है कि विदेशों में भारत की छवि पर दाग न लगे, इसके लिये सरकार को सख्त होना होगा। भारत में जिस ह्यअतिथि देवो भवह्न एवं ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्न का हवाला दिया जाता रहा है, उसे सचमुच जमीन पर उतारना या सुनिश्चित करना सरकार एवं प्रशासन का ही दायित्व है। एक आदर्श-शासन-व्यवस्था, सुसंस्कृत एवं सभ्य देश एवं समाज के लिये ऐसी घटनाओं का बार-बार होना भी शर्मनाक ही कहा जायेगा।

# जन सहयोग कल्याण समिति के होली मिलन समारोह में स्नेह और सम्मान के साथ खेली गुलाल और फूलों की होली

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** जन सहयोग कल्याण समिति की ओर से होली के पावन पर्व पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगों व फूलों की होली खेल कर आनंद लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमलकांत वार्ष्णेय सभासद हाथरस वार्ड-24, मुख्य अतिथि एडवोकेट देव चौधरी ( देवा पहलवान ) युवा नेता भाजपा उपस्थित रहे। सभी ने गले मिलकर सभी को होली की शुभकामनाएं दी तथा सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की सभी मिलजुल कर रहे और आगे भी अच्छे कार्य करते रहे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अतुल शर्मा ने कहा कि रंगों का पर्व होली लोगों को एक दूसरे से जोड़ने का काम करता है। उन्होंने कहा कि आपसी एकता और सौहार्दपूर्ण का प्रतीक है होली का पर्व है। बुराई पर अच्छाई की जीत का यह पर्व जीवन में हर्ष एवं उल्लास का प्रतीक है। यह अनेकता में एकता की हमारी संस्कृति को और मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि होली यानी रंगो का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष राजू वार्ष्णेय एडवोकेट उत्तर प्रदेश कोषाध्यक्ष देवदत्त सारस्वत उत्तर प्रदेश सचिव सरस, महाराज सह सचिव पंडित चंद्रमोहन कौशिक जिलाअध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह गहलोत समाज सेवी, विष्णु ,सतीश नितिन शर्मा डॉक्टर सतीश कुशवाह,कुमार कृष्णा गहलोत ,अमित चौहान, माधव चौहान, बृजेश शर्मा , पंडित उमाकांत विनोद, मनोज, पप्पन जितेंद्र, सुरेश, प्रमोद ,बनी सिंह दिनेश कुमार, विनय आदि लोग उपस्थित रहे।



## सहारनपुर जाने के एलान पर नजरबंद किए गए जिलाध्यक्ष

**रतनपुरी।** सहारनपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मांगपत्र देने के एलान के बाद पुलिस ने किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक सोम को घर पर नजरबंद किए रखा। एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी ने उनके आवास पर पहुंचकर बातचीत की और मांग पत्र लिया।

सोमवार सुबह ही घर पर पुलिस उनके आवास पर पहुंच गई थी। एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी, सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह और थाना प्रभारी तेज सिंह पुलिसबल के साथ जिलाध्यक्ष दीपक सोम के आवास पर पहुंचे और वार्ता की। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने किसानों की विभिन्न मांगों से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान जिला महामंत्री सुधीर चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश राजपूत, अंकित बालियान, माजिद राणा, अनीश प्रधान, सूबे सिंह, जॉनी गुर्जर, बबलू राणा, मोनू लाटियान, सदाकत राव, रामपाल कश्यप उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग की गोली मारकर की गई हत्या, इलाके में सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** शहर के सिकलापुर चौराहे के पास एक 62 वर्षीय बुजुर्ग की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए, इस घटना के बाद से इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया, फिल्हाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात दयाशंकर (62) अपने घर के लिए जा रहे थे, तभी कोतवाली क्षेत्र के सिकलापुर चौराहे के पास अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



वारदात के बाद इलाके में मच गई, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया साथ ही घटना की जानकारी जुटाने और बदमाशों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। इस घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मौके पर पहुंच गए और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शक के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस हत्या के पीछे के कारणों की जांच कर रही है और सभी संभावित एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है। हत्या की वजह पुरानी रंजिश है या कोई अन्य कारण, इसका पता लगाने के लिए पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नाबालिग बच्ची के मुस्लिम समुदाय के दुष्कर्मी के खिलाफ विश्व हिन्दू परिषद ने जताई नाराजगी

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** विश्व हिंदू परिषद की एक अति आवश्यक बैठक सर्कुलर रोड स्थित कूलवाल सजावट गैलरी पर जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा बिसावर में नाबालिग छोटी बच्ची के साथ किए गए दुष्कर्म पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस कुकृत्य की घोर भर्त्सना की गई। सभी ने संयुक्त रूप से इस तरह के कुकृत्य को करने वाले व्यक्ति के प्रति कठोर से कठोर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने की प्रशासन से मांग की। जिससे कि यह नजीर बन सके और आगे कोई ऐसा करने से पहले 100 बार सोचे। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध करने की मांग की। सभी ने संयुक्त रूप से सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विश्व हिंदू परिषद का प्रतिनिधि मंडल को जिलाधिकारी से मिलेगा और इस संबंध में एक ज्ञापन प्रेषित करेंगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा जिला उपाध्यक्ष कैलाश कूलवाल जिला उपाध्यक्ष पदम सिंह जिला उपाध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय जिला कोषाध्यक्ष मितिन सपड़िया जिला सह समरसता प्रमुख मनोज वार्ष्णेय जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुशवाह विभाग सह संयोजक बजरंग दल सह हर्षित गोड़ किशन भारती दीपू वार्ष्णेय सचिन राहुल चौधरी आदि उपस्थित रहे संचालन जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल द्वारा किया गया।

# रोटी बैंक पर निस्वार्थ सेवा संस्थान ने किया हरि नाम संकीर्तन और फूलों की होली का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा संचालित रोटी बैंक परिसर में भक्तिमय वातावरण में हरि नाम संकीर्तन एवं फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी श्रद्धालुओं ने भाग लिया और हरि भक्ति में लीन होकर संकीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कृष्ण की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन और हरि नाम संकीर्तन से हुआ। कीर्तन मंडली ने ‟हरे कृष्ण हरे राम‟ महामंत्र का सामूहिक जाप किया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के जयकारे लगाकर अपनी भक्ति भावना प्रकट की। इस दौरान फूलों की होली खेली गई, जिसमें गुलाब, गेंदे और अन्य सुगंधित पुष्पों की वर्षा कर माहौल को उल्लासमय बना दिया गया। पूरे परिसर में चारों ओर रंग-बिरंगे फूल बिखर गए, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वृंदावन स्वयं इस पावन स्थल पर उतर आया हो। संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ‟हमारा उद्देश्य केवल जरूरतमंदों को भोजन कराना ही नहीं, बल्कि समाज में आध्यात्मिकता और प्रेम का प्रसार करना भी है। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। रोटी बैंक, प्रतिदिन जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराता है, समय-समय पर इस तरह के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। संस्थान के सदस्यों का मानना है कि भक्ति और सेवा का संगम ही समाज को एक नई दिशा दे सकता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और इस आयोजन के लिए संस्थान का आभार व्यक्त किया।



# नि:सन्तान दम्पति की सत्रह बकरियो की हुई चोरी मौके पर पहुची लालगन्ज पुलिस

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** लालगन्ज थानान्तर्गत ग्राम पूरे निर्मल गिरधर मे निसन्तान गरीब मजदूर दम्पति के घर से चोर सत्रह बकरिया लाद के गये जिससे दम्पति का रो रोकर बुरा हाल है।

पूरे निर्मल गिरधर गाव का राजेश गौतम व उसकी पत्नी गरीब है। गाव मे मजदूरी कर एक एक पाई जोड दोनो ने कुछ बकरिया खरीदी थी जो धीरे धीरे बढकर सत्रह की सख्या मे पहुच गयी थी। जिन्हे बेचकर दम्पति कुछ नया करने की प्लानिंग कर रहे थे। लेकिन बीती उसकी एक साथ सत्रह बकरिया चोर लाद ले गये जिससे दोनो का रो रोकर बुरा हाल है। लालगन्ज थाने के हल्का चार मे लगातार चोरियो की वारदात हो रही है। अभी दो माह पहले इसी पूरे निर्मल गिरधर गाव मे सूर्यनारायण तिवारी की दो भैस और राम औतार की एक भैस चोर लाद ले गये थे। शिकायती प्रार्थना पत्र पर लालगन्ज पुलिस ने एफ आइ आर दर्ज की लेकिन चोरो का कुछ पता न चला तो दो दिन बाद महराजपुरवा गाव के राम आसरे दुबे कि एक भैस एक भैसा चोर लाद ले गये थे जिसका भी आज तक लालगन्ज पुलिस कोई पता न लगा सकी। और अब एक बार फिर निडर चोरो ने एक गरीब की सत्रह बकरिया उडा ली। गरीब दम्पति का रो रोकर बुरा हाल है तो मौके पर पहची लालगन्ज पुलिस खानापूर्ति कर रही है। ग्रामीणो ने कहा कि अक्सर इस गाव मे चोरी होती रहती है एक साल मे किसान कृष्णाकान्त दुबे की मोटर चोरी हुई सूर्य नारायण व राम औतार की तीन भैस चोर लाद ले गये जिसका पुलिस आज तक खुलाशा न कर सकी। तो अब इन सत्रह बकरियो की भी चोरी का खुलाशा लालगन्ज पुलिस कर पाएगी लगता नही। ?से मे तो बस लालगन्ज पुलिस खाना पूर्ति करेगी और चोरो के हौसले बुलन्द होते रहेगे।

## परिषदीय स्कूल के बच्चों ने लेखन और कविता में दिखाया अपना हुनर



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** मझगवां विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चांदपुर याकूबपुर में होली के त्यौहार के बाद सोमवार को स्कूल पहुंचे बच्चों के बीच विद्यालय की तरफ से एक प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी कविता कौशल और लेखन कौशल से अध्यापकों को प्रसन्न कर दिया। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में आगामी वार्षिक परीक्षा को लेकर विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक सूरजपाल द्वारा छात्र-छात्राओं के ज्ञान को परखने के लिए एक प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें विद्यालय में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, बच्चों ने अपनी कॉपी पर सुंदर-सुंदर लेख में कविताएं लिखीं, जिसके बाद निर्णायक मंडल के धर्मेंद्र पटेल, नरेंद्र सिंह तोमर और कप्तान सिंह ने उत्कृष्ट लेखन और कविता का चयन किया, उत्कृष्ट लेखन और कविता लिखने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्राथमिक विद्यालय नौगवां ब्रह्मानान के प्रधानाध्यापक भगवत शरण शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया, इसी के साथ सभी प्रतिभागियों को भी धर्मेंद्र पटेल और कप्तान सिंह द्वारा अपनी तरफ से सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## वर्चुअल बैठक में सरकार के विभिन्न विभागों के समक्ष फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ने उठाई व्यपारिक समस्याएं



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। बैठक में फेडरेशन ऑफ आल इंडिया के कार्यकारी अध्यक्ष सुशील पोद्दार संजय बंसल, सतीश चाव्हाण और हाथरस से सुरेश अग्रवाल एवं संतोष सेंगर, सुभाष गोयल, अमित खन्ना, एस जनार्दन अशरफ अली आदि ने विभिन्न समस्याओं को उठाया। जिसके निस्तारण का देवेश लाम्बा सेंट्रल कमिशन चीफ द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए। हाथरस जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने स्टील किचनवेयर एंड स्टील कटलरी वेयर मैं जीएसटी डिफरेंस 12 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत के अंतर को समाप्त करने की मांग की तथा हैंडीक्राफ्ट मैटल उद्योग को जीएसटी की दर को 5 प्रतिशत किए जाने से राहत प्रदान करने की मांग रखी। जिस पर लांबा द्वारा ईमेल फैक्स भेजकर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# सीबीगंज में मस्जिद के बाहर हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, दो अभी भी फरार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** सीबीगंज पुलिस ने हत्या के एक मामले में तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से हत्या में इस्तेमाल की गई एक छुरी और दो डंडे बरामद किए हैं। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस द्वारा फरार चल रहे दोनों आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। आपको बता दें कि सीबीगंज थाना क्षेत्र के सरनिया गांव में जाहिद अली पुत्र तौहीद अली ने शनिवार को थाना सीबीगंज पुलिस को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दबीर हुसैन, नाजिम, आजम, मुनाजिर और इकराम पर तौहीद अली की हत्या का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों की बहन की शादी जाहिद अली से हुई थी, लेकिन दहेज विवाद के चलते उसका पति और ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। यह विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और शुक्रवार को झगड़ा इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने जाहिद और उसके पिता तौहीद अली पर हमला कर दिया। इस हमले में तौहीद अली गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हत्या के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपियों की तलाश शुरू की। मुनाजिर, आजम और नाजिम को झुमका तिराहे से बिल्वा बाईपास रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई एक छुरी और दो डंडे बरामद किए गए। हालांकि, दबीर हुसैन और इकराम अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। तौहीद अली की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। फरार आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए हमारी टीम पूरी सक्रियता से काम कर रही है।



## होली मिलन समारोह मे पहुचे जनसत्ता दल नेता एम एल सी गोपाल भैया



**वेलकम इंडिया**

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल नेता और प्रतापगढ़ के एम एल सी अक्षय प्रताप सिह गोपाल भैया आज अपने मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा सग प्रताप सदन मे आयोजित होली मिलन मे शिरकत करने पहुचे तथा पार्टी के पदाधिकारियो कार्यकर्ताओ को रग गुलाल लगा गले मिले। फाल्गुनी गीतो से सदाबोर होली मिलन समारोह मे गोपाल भैया ने कहा कि से आयोजन हमे एक दूसरे के करीब लाते है जो स्वस्थ समाज के भाईचारे के लिए बेहद आवश्यक है। उपस्थिति जनसमुदाय के सग होली खेल रग मे सदाबोर गोपाल भैया ने कहा होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है जो हमे समाज को मजबूत करने को कहती है और दुश्मन को भी गले लगाने का सदेश देती है।

# शिक्षिका ,कवयित्री नीलम मुकेश वर्मा नारी गौरव सम्मान से सम्मानित

**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध लेखिका,कवयित्री एवं शिक्षिका नीलम मुकेश वर्मा ओजटू, कोडॉ.अम्बेडकर उत्थान परिषद, जयपुर द्वारा नारी गौरव सम्मान 2025₹ से सम्मानित किया गया !

राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुगार्पुरा के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित पंचम सर्व समाज नारी गौरव सम्मान समारोह में कवयित्री नीलम मुकेश वर्मा को शिक्षा, साहित्य, महिला सशक्तिकरण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, नारी गरिमा एवं उसके स्वाभिमान को नये आयाम देने के लिए नारी गौरव सम्मान 2025 प्रदान कर सम्मानित किया गया !संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र जलूथरिया, सचिव महेश गठारिया, कार्यक्रम संयोजक विक्रम कुमार वर्मा, व मंजू नारोलिया ने शिक्षिका नीलम वर्मा को बधाई देते हुवे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी ।उल्लेखनीय है कि शिक्षिका नीलम मुकेश वर्मा को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आदर्श समाज समिति इंडिया सूरजगढ़ द्वारा 'सरोजिनी नायडू नारी शक्ति पुरस्कार 2025'.और सम्पर्क संस्थान जयपुर द्वारा आयोजित समारोह में भी सम्मानित किया जा चुका है।



## टाण्डा में आज नहर विभाग की भूमि से अतिक्रमण हटाएगा प्रशासन

**टाण्डा जिला रामपुर।** टाण्डा खास में स्थित नहर विभाग की भूमि गाटा संख्या 323 व 351 पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है ।नहर विभाग द्वारा तहसील प्रशासन और पुलिस से सहयोग मांगा गया है ।सोमवार को नगर में मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को स्वयं कब्जा हटाने की चेतावनी दी गई है।

टाण्डा खास में स्थित गाटा संख्या 323 व 351 की नहर विभाग की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर स्थायी अतिक्रमण कर लिया गया है ।जिसकी शिकायत भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित सैनी ने जिलाधिकारी से कर भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की थी।

# जॉइंट्स वेलफेयर फाउंडेशन का संयुक्त शपथ ग्रहण एवं डिजिटल न्यूज लेटर विमोचन समारोह हुआ संपन्न

**वेलकम इंडिया**




**मेरठ।** मेरठ दिल्ली रोड स्थित केसरिया स्वीट्स पर सोमवार दोपहर जॉइंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती वर्ष में संयुक्त शपथ ग्रहण एवं डिजिटल न्यूज लेटर विमोचन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया गया कार्यक्रम के आरंभ में 6 वर्षीय नन्ही कलाकार नव्या गोयल द्वारा गणेश वंदना की सुंदर नृत्य प्रस्तुति द्वारा किया गया समारोह के मुख्य अतिथि एसपी चतुर्वेदी फेडरेशन अध्यक्ष डॉक्टर उमेश अग्रवाल विशेष अतिथि मोहन बाबू आर्य डॉक्टर अनीता अग्रवाल अनिल बाजपेई और अजय बंसल रहे सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया और दीप प्रज्वलं कर समारोह की विधिवत शुरूआत की गई जायंट्स ग्रुप आफ नोबल हार्ट की अध्यक्ष का निहारिका गोयल ग्रुप की अध्यक्ष आरती मित्तल स्थापना अधिकारी अनीता प्रधान दोनों समूहों के पदाधिकारी ने समाज सेवा और सशक्तिकरण के लिए कार्य करने की शपथ ली जायंट्स ग्रुप आफ नोबल हार्ट द्वारा मासिक डिजिटल न्यूज लेटर लॉन्च किया गया जो संगठन की गतिविधियों और समाज सेवा अभियानों की जानकारी का डिजिटल माध्यम बनेगा समझ में उपस्थित वक्ताओं ने समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी अधिकारियों को प्रेरित किया नव निर्वाचित अध्यक्षों ने संगठन को नाक नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया कार्यक्रम का संचालन सुखप्रीत गुप्ता द्वारा किया गया समारोह के अंत में आए हुए सभी अतिथि सदस्यों और आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया गया।

# नेत्र रोग के विभाग मेडिकल कॉलेज मेरठ के विभागाध्यक्ष द्वारा जोनल मीटिंग में व्याख्यान दिए जाने के संबंध में



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** मेरठ के लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग के विभागाध्यक्ष डॉ लोकेश कुमार सिंह द्वारा नोएडा में आयोजित यू पी स्टेट ऑपथललोजिक सोसायटी के आयोजित कार्यक्रम में परा-स्नातक छात्रों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु ऑपथलमैलॉजी विषय पर व्याख्यान दिया। उक्त व्याख्यान में डॉ सिंह ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन में प्रयुक्त होने वाले अत्याधुनिक लैंस के बारे के बारे में जानकारी दी एवं उक्त के संबंध में एक पेपर प्रस्तुत किया। प्रस्तुत पेपर में डॉ सिंह ने बताया कि किस प्रकार से किस लेंस को किस प्रकार के रोगी हेतु प्रयुक्त किया जा सकता है एवं मरीज की चश्मे पर निर्भरता में कमी आ सकती है। उक्त जोनल मीटिंग में डॉ अलका गुप्ता आचार्य नेत्र रोग विभाग मेडिकल कॉलेज मेरठ को भी सम्मानित किया गया। उपरोक्त व्याख्यान हेतु डॉ आर सी गुप्ता प्राचार्य मेडिकल कॉलेज मेरठ ने डॉ लोकेश कुमार सिंह एवं डॉ अलका गुप्ता को शुभकामनाएं दी।

# व्यापार को बढ़ावा देने के लिए डीएम प्रतिबद्ध

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** जिला उद्योग मित्र समिति एवं जिला प्राधिकृत समिति की जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एकल खिड़की पोर्टल से प्राप्त विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े 6 प्रस्तावों को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया, जो सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन, नेत्र चिकित्सालय एवं हॉट मिक्स प्लांट की स्थापना आदि जैसी परियोजनाएं शामिल थी। समिति ने जिलाधिकारी की अध्यक्षता में इन सभी प्रस्तावों का गहन विश्लेषण किया। एमएसएमई पॉलिसी के अंतर्गत चार इकाइयों के लिए ?24,94,641 का ब्याज उपादान दावे स्वीकृत किए गये। बैठक के दौरान जिले के विभिन्न व्यापारी, उद्यमी एवं किसानों ने जिलाधिकारी के समक्ष पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं उन्हें स्थायी रूप से संचालित रखने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।जिलाधिकारी ने सभी सुझावों का गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी भटगांई ने कहा कि जिले में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित परियोजनाओं एवं दावों के संबंध में आवश्यक स्वीकृतियां एवं प्रक्रियाएं शीघ्रता से पूर्ण करें, ताकि जिले में निवेश को बढ़ावा देकर स्थानीय रोजगार के अवसर उत्पन्न किए जा सकें। इस दौरान जिलाधिकारी ने उद्यमियों के उत्पादों का अवलोकन किया व उनके प्रयासों को सराहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, महाप्रबंधक उद्योग चंद्रमोहन,गंगा सिंह पांगती,नरेंद्र सिंह, दलीप सिंह खेतवाल, पर्यटन अधिकारी पीके गौतम, श्रीश कपूर समेत समिति के अन्य सदस्य व उद्यमी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने वित्त एवं लेखाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया,**




**टाण्डा जिला रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह एवं महामंत्री अंजुम स्नेही के नेतृत्व में शिक्षकों ने वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपकर परिषदीय विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट सहित अन्य मदों की धनराशि समय से उपलब्ध कराने की मांग की है। वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा विभाग को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि गत वर्ष मार्च माह के अंतिम सप्ताह में बनाए गए अधिकांश फेल हुए पीपीए की धनराशि अभी तक विद्यालयों को प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में कई बार विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लायी गई है। संघ ने मांग की कि नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत में ही विद्यालयों को कंपोजिट एवं अन्य मदों की समस्त धनराशि उपलब्ध कराई जाए ताकि आवश्यक कार्य सुचारू रूप से समय पर पूरे किए जा सकें और पीपीए फेल होने जैसी समस्याओं से बचा जा सके। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में कंपोजिट ग्रांट एवं अन्य शैक्षिक मदों की सम्पूर्ण धनराशि विद्यालयों को प्राप्त हो चुकी है, किंतु जनपद रामपुर में अब तक केवल 25 प्रतिशत धनराशि ही उपलब्ध हो सकी है। संघ ने रामपुर जनपद के विद्यालयों को शीघ्रताशीघ्र शेष धनराशि जारी करने की मांग की, साथ ही नए शैक्षिक सत्र के लिए शासन से कंपोजिट ग्रांट की अग्रिम मांग करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की वित्तीय बाधा उत्पन्न न हो और विद्यालयों में समय पर संसाधनों का समुचित उपयोग किया जा सके।

# होली के दिन छोटे भाई की हत्या करने वाला आरोपी बब्बे गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** राजेंद्रनगर में होली के दिन सीने में कटार घोंपकर छोटे भाई की हत्या करने के आरोपी अरविंदर सिंह उर्फ बब्बे को प्रेमनगर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आपको बता दें कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के राजेंद्रनगर निवासी गुरमीत सिंह उर्फ लवी और उनका बड़ा भाई अरविंदर सिंह उर्फ बब्बे शुक्रवार दोपहर दो बजे घर में ही होली खेल रहे थे। दोनों शराब के नशे में थे। गुरमीत की पत्नी बलवीर कौर के मुताबिक नशे में धुत जेठ अरविंदर उन्हें गालियां देने लगे। गुरमीत ने विरोध किया तो अरविंदर ने उसके सीने में कटार घोंप दी थी। परिजन गुरमीत को अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया था। बलवीर कौर ने अरविंदर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि आरोपी अरविंदर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जनता दरबारमें अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सीडीओ नाराज

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निदेर्शानुसार सोमवार को तहसील सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा। कई अधिकारियों के जनता दरबार से नदारद रहने पर मुख्य विकास अधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और त्वरित निवारण का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार मे अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई बागेश्वर एवं कपकोट, जल संस्थान व ईई विद्युत के साथ ही अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत,आबकारी अधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी, उद्यान अधिकारी, सैनिक कल्याण अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के नदारद रहने पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए है। जनता दरबार में हरगोविंद कांडपाल ने जल निगम द्वारा स्थापित टैंक में पानी की कमी की शिकायत की, नारायण सिंह ने संपत्ति विवाद से संबंधित समस्या दर्ज कराई जिसे पुलिस विभाग को निपटारे हेतु भेजा गया। मेंहरबुंगा निवासी नवनीत बिष्ट ने घर के आंगन में चारा प्रजाति के विशालकाय पेड़ से कभी भी वषार्काल, तूफान आने समय पेड़ के टूटने से बड़ा हादसा होने की संभावना जताते हुए पूर्व में भी खतरे का सबब बन रहे पेड़ को कटवाए जाने की शिकायत के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नही हो पाने, औ? कभी भी परिवारजनों को खतरा होने की आशंका जताते हुए शीघ्र पेड़ का कटान किए जाने की शिकायत की, साथ ही जल्द समाधान नही होने पर जिलाधिकारी कार्यालय में आंदोलन की चेतावनी देते हुए कोई भी हादसा होने पर जिला प्रशासन की जिम्मेदारी होने की बात कहते हुए शीघ्र पेड़ को काटने की मांग उठाई। जिस पर आवश्यक कार्यवाही हेतु डीएफओ के संज्ञान में भेजा गया। शीला देवी ने सरयू नदी के किनारे सुरक्षा उपायों की मांग की ताकि किसी अप्रिय दुर्घटना को टाला जा सके। शेष शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन पोर्टल की निगरानी करने और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने, शिकायतकताओं को निस्तारण की अद्यतन जानकारी समय पर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

# राजकीय आयुर्वेद अस्पताल में चिकित्सक व फार्मासिस्ट की कुर्सी रही खाली , मरीजों का कौन करे इलाज

**वेलकम इंडिया**

**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने और लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में जुटी हुई है। इसी को लेकर लगभग 02 वर्ष पहले पीएचसी कैम्पस डुमरियागंज में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय साहपुर से स्थान्तरित कि गई थी, लेकिन अधिकारियों और जिम्मेदारों की अनदेखी से अस्पताल लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहा है। इस अस्पताल पर चिकित्सक की तैनाती होते हुए भी चिकित्सक नदारद रहते हैं। मजबूरी में फार्मासिस्ट पीड़ित लोगों का इलाज करते है। जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर मुहैया कराई जा सके। लेकिन अधिकारियों और चिकित्सकों की कारगुजारी के कारण यह अस्पताल बदहाली का रोना रो रहा है। जनपद में वीआईपी मूवमेन्ट के बावजूद दिखी घोर लापरवाही देखने को मिलीं। सोमवार 10:15 बजे तक चिकित्सक नहीं आयें व फार्मासिस्ट की कुर्सियां खाली रही। आपको बता दें कि अस्पतालों पर तैनात चिकित्सक व फार्मासिस्ट नदारत रहते हैं, जिसके कारण अस्पताल में अपना इलाज कराने आये मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं अन्य अस्पतालों में तैनात फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वाय भी चिकित्सकों की गैर मौजूदगी व मजबूरी में पीड़ित लोगों का इलाज कर विभाग की नाकामियों को छुपाने का भरपूर कोशिश करते हैं और इन सभी लोगों के ऊपर बैठे हुए जिम्मेदार अधिकारीगण सब कुछ जानते हुए लापरवाही व कमियों पर पर्दा डालने की पूरी कोशिश करते हैं। जिले में 38 राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल और 02 युनानी चिकित्सालय संचालित हैं, लेकिन मात्र 02 दर्जन ही अस्पतालों पर ही चिकित्सक की तैनाती है। अन्य अस्पताल फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वाय के भरोसे चल रहे हैं। ऐसे में मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। विभागीय अफसरों की लापरवाही व अनदेखी के कारण अधिकांश आयुर्वेदिक अस्पतालों का ताला समय से नहीं खुलता है। जिला में लगभग 10 आयुर्वेदिक अस्पताल अपने निजी भवन में संचालित हो रहे हैं। बाकी के कुछ किराये व कुछ उधार के भवन में संचालित हो रहें हैं। बांकेगांव और बिथरिया में यूनानी अस्पताल संचालित होता है। वहीं इस दौरान आयुर्वेद अस्पतालों पर तैनात फार्मासिस्टों का कहना था कि जब डॉक्टर साहब लम्बी छुट्टी पर चले जाते हैं तो विभाग के आदेश पर मजबूरी में मरीजों का इलाज करना पड़ता है।




## घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ करने पर दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना आजादपुर निवासी महिला ने दो सगे भाइयों पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर पीड़िता के पुत्र पर तमंचे की बट से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना आजादपुर निवासी महिला रश्मि उर्फ सुनीता पत्नी पंकज कुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व पीड़िता अपने घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस का ही अरुण व सुमित पुत्र राममेहर पीड़िता के घर में घुस गए और पीड़िता के साथ बदतमीजी करने लगे। शोर शराबा होने पर पीड़िता की सास ममता व देवरानी साक्षी भी मौके पर आ गई। आरोप है कि उक्त दोनों भाइयों ने पीड़िता की सास और देवरानी के साथ भी बदतमीजी करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच पीड़िता का पुत्र सूर्य भी मौके पर आ गया। आरोप है कि दोनों भाइयों ने सूर्य पर तमंचे की बट से हमला कर दिया। तमंचे की बट से हुए हमले में पीड़िता का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित ने अपना व अपने पुत्र का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## एक महिला ने छेड़छाड़ तो दूसरी ने दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोस के ही एक युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता के पुत्र के साथ भी मारपीट की है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस का ही एक युवक पीड़िता पर बुरी नजर रखता है। दो दिन पूर्व पीड़िता घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच मौका पाकर आरोपी युवक पीड़िता के घर में घुस गया और पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा सुनकर पीड़िता का पुत्र भी मौके पर आ गया। आरोपी युवक ने पीड़िता के पुत्र के साथ भी मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता अपने घर पर सो रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस का ही युवक पीड़िता के घर में घुस गया और पीड़िता को दबोच लिया। आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के मुंह में कपड़ा ठूंस कर पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शोर मचाया तो पीड़िता का ससुर मौके पर आ गया। आरोप है कि आरोपी युवक पीड़िता और पीड़िता के ससुर को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दो अलग–अलग मामलों की तहरीर मिली है। दोनों मामलों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मुकदमा को वापस नहीं लेने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी

**कांधला।** एक माह पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में दर्ज अभियोग को वापस ना लिए जाने पर आरोपियों ने पीडितों के साथ मारपीट व अभद्रता करते हुए उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। पीडित ने मामले को लेकर मुख्यमंत्री के साथ उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी अलीहसन व नबाब पुत्रगण गभरू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ – साथ प्रदेश के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री को ही गांव निवासी अमन अपने साथ बहला फुसलाकर लगभग एक माह पूर्व ले गया था। इस दौरान घर में रखे सोने चांदी के जेवरों के साथ – साथ घर में रखी नगदी भी अपने साथ ले गई थी। मामले में पीडितों ने गांव निवासी अमन के साथ – साथ छोटन, जासमीन, जमीर हसन के साथ रोजदिन के खिलाफ थाने में अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसके लगभग एक सप्ताह बाद आरोपी किशोरी को छोडकर फरार हो गए थे। इस दौरान आरोपियों ने किशोरी के साथ गलत कार्य किए थे। किशोरी के बरामद होने के बाद पुलिस ने उसके बयान कोर्ट में दर्ज कराएं थें। जिसके बाद आरोपी जेल चले गए थे, और पीडित गांव से दूर एक भट्टे पर मजदूरी के कार्य पर चले गए थे। अब आरोपी युवक बार बार भट्टे पर जाकर पीडितों के द्वारा दर्ज अभियोग को वापस ना लिए जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे है। अगर पीडित उनका विरोध करते है तो वह पीडितों के साथ अभद्रता ओर गाली गलौच करते है। जिस कारण पीडित मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान है। पीडितों ने मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई कर पीडित परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति की कराई हत्या

वेलकम इंडिया



**बिजनौर :** एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शख्स 8 महीने के प्यार के लिए कातिल बन गया। दरअसल शादीशुदा गर्लफ्रेंड के पति ने दोनों की आपत्तिजनक तस्वीरें देख लीं। जिसके बाद मियां-बीवी में आए दिन झगड़ा होता था। इसे ही लेकर महिला ने अपने प्रेमी और उसके साथियों के साथ मिलकर पति का अपहरण कराने के बाद उसकी हत्या करवा दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बिजनौर राम अर्ज ने बताया कि इस मामले में महिला और उसके प्रेमी समेत सभी नौ आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं, महिला का पति उसके अवैध संबंध में कथित तौर पर बाधा बन रहा था। 14 मार्च को पारूल पत्नी मकेंद्र कुमार निवासी ग्राम शहबाजपुर थाना शिवाला कला जनपद बिजनौर ने थाना शिवाला कला पर प्रार्थना पत्र दिया कि उसका पति मकेन्द्र एक दिन पूर्व यानी 13 मार्च की शाम को दवा लेने धारूपुर गए थे लेकिन वापस नहीं आये। जबकि उसकी स्कूटी गांव के बाहर खड़ी मिली। एएसपी ने बताया कि 15 मार्च को अमरोहा जिले के थाना हसनपुर के गांव बावनखेडी.के जंगल में मकेन्द्र का शव पडा.मिला। उसके गले और सिर पर चोट के निशान थे। इस बीच पुलिस को जांच के दौरान मकेन्द्र की पत्नी पारुल और विनीत नामक व्यक्ति के अवैध संबंधों के बारे में पता चला। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो पूरे हत्याकांड की साजिश का खुलासा हो गया। मृतक मकेंद्र की पत्नी पारुल का प्रेम प्रसंग विनीत पुत्र रमेश चंद्र निवासी ग्राम अख्तयारपुर चौबे थाना हयातनगर जनपद संभल से था। पारुल और विनीत ने पुलिस को बताया कि दोनों के संबंध का मकेन्द्र को पता चल गया था और उसने पत्नी के मोबाइल में दोनों के आपत्तिजनक फोटो भी देख लिए थे। इसे लेकर पति-पत्नी में झगडे. हो रहे थे। मकेन्द्र 13 मार्च को राजस्थान से अपनी नौकरी से घर आया था। उधर पारुल और विनीत ने उनके मिलने में बांधा बने मकेन्द्र को रास्ते से हटाने को योजना बना ली थी। मृतक की पत्नी पारुल व उसके प्रेमी विनीत की योजना थी कि राजस्थान से वापस आते समय रास्ते में ही मकेंद्र का अपहरण कर हत्या कर दी जाए किंतु योजना में अभियुक्तगण सफल नहीं हो सके। पारूल ने 13 मार्च की शाम मकेन्द्र को अपनी दवा लाने के लिए धारूपुर भेजा था। विनीत अपने सात दोस्तों को लेकर गांव के बाहर मौजूद था। मकेन्द्र के अपने गांव के बाहर आते ही सब उसे कार में डालकर जनपद अमरोहा के थाना हसनपुर क्षेत्र के गांव बावनहेडी.के जंगल में लाए जहां विनीत ने अपनी बेल्ट से मकेन्द्र का गला घोंटा और एक अन्य आरोपी ने मकेन्द्र के सिर पर लोहे का पाना मारकर उसकी हत्या कर दी।

# बागेश्वर जिले में भाजपा को ऊंचाइयां दिलाने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए की दावेदारी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** बागेश्वर जिले में भाजपा को बुलंदियों में ले जाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए भाजपा महारथी के रूप में अपनी ईमानदार और निष्पक्ष तरीके से संगठन हित के लिए कार्य करने के लिए जाने जाने वाले भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए अपनी दावेदारी पेश की है ।उन्होंने चुनाव प्रभारी खजान दास को अपनी दावेदारी का पत्र भेजा है। मालूम हो कि तीन दशक से अधिक समय से भाजपा नेता भौर्याल लगातार निज हित के बजाय संगठनहित को सर्वोपरि मानते हुए लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करते रहते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष से लेकर जिपं अध्यक्ष, विधायक और कैबिनेट मंत्री रहते हुए उनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया है ।वर्तमान में भौर्याल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष है साथ ही पिथौरागढ़ जिले के प्रभारी है। उनकी सबसे बड़ी खूबी बेदाग स्वच्छ, ईमानदार छवि, सरल ह्रदय के धनी, कार्यकर्ताओ को एकजुट करने की क्षमता, और अपने हँसमुख स्वभाव से विपरीत परिस्थितियों को भी पलटने की उनकी राजनीतिक क्षमता की हर कोई तारीफ करते हैं ।बागेश्वर जिले में राजनीति शुरू करने वाले बलबंत सिंह भौर्याल अपने व्यवसाय को मजबूत करने के बजाय लगातार संगठन को मजबूत करने में जुटे रहते हैं ।पद लालसा का भी उन्हें मोह नही रहता। अपनी अच्छी संगठन शक्ति के बाद भी शीर्ष नेतृत्व के कहने पर उनके द्वारा कपकोट विधानसभा सीट से उनके द्वारा अपनी सीट छोड़कर युवा विधायक सुरेश गड़िया को अपनी सीट पर दावेदार बना दिया था ।त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से लेकर नगर निकाय विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उनके द्वारा लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है ।वही प्रदेश में वरिष्ठ उपाध्यक्ष होने के चलते उन्हें भाजपा कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का प्रबल दावेदार मान रहे हैं ।और हर कोई कार्यकर्ता उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनने की राह देख रहे हैं।

# 25 से 29 मार्च तक मेरठ में लगेगा बागेश्वर धाम सरकार का दिव्य दरबार




वेलकम इंडिया

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**
मेरठ 25 मार्च से 29 मार्च तक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दिव्य दरबार मेरठ के जागृति विहार एक्सटेंशन सेक्टर 2 में सजेगा जिसकी जानकारी सनातन कथा समिति द्वारा प्रेस वार्ता कर दी गई इस दिव्य दरबार में हनुमंत कथा का भी आयोजन किया जाएगा कथा के मुख्य संयोजक नीरज मित्तल ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए तमाम जानकारी दी सनातन कथा समिति ने इस आयोजन को सुचारू रूप से चलने के लिए नगर निगम आवास विकास एडी विद्युत, एस पी सिटी, एसपी ट्रैफिक और सीएफओ से संपर्क स्थापित कर सभी से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की और तमाम इंतजाम किए जिसमें चिकित्सा सुविधा में एक विशेष चिकित्सा शिविर स्थापित कथा स्थल पर किया जाएगा जिसमें पुरुष और महिला डॉक्टरों की उपलब्धता रहेगी साथ ही 24 घंटे एंबुलेंस सेवा भी अवध अस्पताल की टीम द्वारा संचालित करेगी कथा स्थल पर तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां

15 फायर मार्शल तैनात रहेंगे जिसका प्रबंध अमित त्यागी की टीम द्वारा किया जाएगा यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए पांच जगह पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं जिससे जाम की स्थिति से बचा जा सके सुरक्षा की जिम्मेदारी के लिए 100 सीसी टीवी कैमरे मुख्य मार्गो तथा कथास्थल और पार्किंग क्षेत्र में लगाए जाएंगे जिससे सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके कथा परिसर में ही पेड फूडस्टॉल भी उपलब्ध कराए जाएंगे आयोजन स्थल और उसके आसपास बाहरी खाद्य विक्रेताओं को अनुमति नहीं दी जाएगी कथा स्थल पर प्रवेश पूर्णता निशुल्क रहेगा जबकि वीआईपी और वीवीआईपी प्रवेश समिति के सदस्य द्वारा प्रबंध किए जाएंगे आयोजन को बेहतर ढंग से देखने और सुनने के लिए 18 स्थान पर एलईडी स्क्रीन और उन्नत ध्वनि प्रणाली स्थापित की जाएगी प्रोग्राम के मुख्य अतिथि मनोज तिवारी सांसद दिल्ली आयोजन के संरक्षक भी होंगे केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा अन्य गणमान्य लोग कथा स्थल पर उपस्थित होंगे इस प्रेस वार्ता में नीरज मित्तल संजय त्रिपाठी राजेश खन्ना ऋषि त्यागी संजीव मित्तल अरुण अग्रवाल राजेश सिंघल विपिन सिंघल सुमित सिंघल अर्पित सिंगल राजीव अग्रवाल और चिराग गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सिंगापुर वैली मेला महोत्सव का क्षेत्रीय विधायक डॉ धर्मपाल सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**आगरा।** जनपद आगराः-जिले के टेडी बगिया 100 फुटा रोड राज गार्डन के पास सिंगापुर वैली मेला महोत्सव एक महीने के लिए लगाया जा रहा है आज दिन रविवार को एत्मादपुर विधानसभा के विधायक डॉ धर्मपाल सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया ।मेला कमेटी ने विधायक का फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया ।इस दौरान एडवोकेट अमित धामा, विजय कुमार श्रीवास्तव, गौरव सिंह, बबलू एडवोकेट, प्रवीन भारद्वाज, रवि सिंह नागर, पिंटू परमार सहित मेला कमेटी के लोग उपस्थित रहे ।

टेडी बगिया पर पहली बार इस तरह के मेले का आयोजन किया जा रहा है ।इस मेले में दुबई की ऊंची ऊंची इमारतें देखने को मिलेंगी इसके साथ साथ बुर्ज खलीफा, लंदन ब्रिज, एफिल टॉवर भी लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र बनेंगे ।सिंगापुर वैली मेला महोत्सव में जगह जगह सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए हैं ।इस कारण जमकर सेल्फी पॉइंट का लुत्फ उठा सकते हैं। सिंगापुर वैली मेला डायरेक्टर सुमित गुप्ता ने बताया कि टेडी बगिया 100 फुटा पर पहली बार सिंगापुर वैली मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ।इसके साथ साथ सिंगापुर वैली मेला महोत्सव में बढ़ती महंगाई एंव आज की जरूरतों के हिसाब से शॉपिंग से लेकर घरेलू सामान सस्ता एंव टिकाऊ मिलेगा इसके साथ साथ झूलों की मस्ती भी इस मेला महोत्सव में कर सकते और राजस्थान की ऊंट सवारी का भी भरपूर आनंद उठा सकते हैं। इसके साथ साथ मेला महोत्सव में सुपर सॉफ्टी, लुधियाना की कॉटन साइट, सहारनपुर का फर्नीचर, खुर्जा की क्रॉकरी, कलकत्ता का लैदर पर्स, फिरोजाबाद की चूड़ियाँ, जयपुर के कंगन, कानपुर और बनारस की साड़ियां, बॉम्बे की ज्वैलरी, गुजरात का किचिन सैट, लुधियाना की लेडीज कुर्ती, खाने पीने का भरपूर सामान सहित आसमानी झूला, नाव झूला ब्रेक डांस सहित बच्चों के झूले एंव भूत बंगला तक का आनंद मिलेगा ।

# आगरा में आज रात्रि 10 बजे से 22 सितम्बर तक रहेगा रूट डायवर्ट

वेलकम इंडिया

**आगरा।** पुरानी मण्डी चौराहा पर मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत भूमिगत टनल निर्माण कार्य के दृष्टिगत, पुरानी मण्डी चौराहा होकर जाने वाले तथा आने वाले सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबन्धित।

अरुण चंद, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) कमिश्नरेट अरुण चन्द ने अवगत कराया है कि पुरानी मण्डी चौराहा पर मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत, भूमिगत टनल निर्माण कार्य के दृष्टिगत पुरानी मण्डी चौराहा होकर जाने वाले तथा आने वाले सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। इन वाहनों का 13 सितम्बर (रात्रि 10:00 बजे) से 22 सितम्बर तक निम्न प्रकार से डायवर्जन किया जायेगा। जिसके क्रम में ताजव्यू चौराहा से पुरानी मण्डी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। होटल हावर्ड प्लाजा तिराहा से पुरानी मण्डी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का, आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा ।तथा फूल सैय्यद चौराहा से पुरानी मण्डी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन पर प्रतिबन्धित रहेगा। इसी क्रम में विक्टोरिया पार्क तिराहा से पुरानी मण्डी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। विक्टोरिया पार्क तिराहा से पुरानी मण्डी चौराहा होकर माल रोड एंव फतेहाबाद रोड की तरफ जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन विक्टोरिया पार्क तिराहा से अमर सिंह गेट तिराहा, बालूगंज चौकी चौराहा, करियप्पा चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। ताजव्यू चौराहा से पुरानी मण्डी चौराहा होकर आगरा फोर्ट / यमुना किनारा की और जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन चाजव्यू चौराहा से अमर होटल, फूल सैय्यद चौराहा, करियप्पा चौराहा से होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगें।

# पुलिस चौकी जाकिर कॉलोनी के नवनिर्मित भवन का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ द्वारा फीता काटकर किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**मेरठ।** सोमवार को डॉ0 विपिन टाडा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ द्वारा कानून-व्यवस्था सदृढ़ बनाने एवं अपराधों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के दृष्टिगत थाना लोहियानगर की चौकी जाकिर कॉलोनी के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी कोतवाली आशुतोष कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक थाना लोहियानगर विष्णु कुमार एवं अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ द्वारा प्रभारी चौकी जाकिर कालोनी को निर्देशित किया कि अपनी अच्छी कार्यशैली से कार्य करें। क्षेत्रवासियों की शिकायतों/समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित विधिक निस्तारण किया जाए एवं महिला संबंधी अपराधों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के परिवार को मिला दो लाख का चेक

वेलकम इंडिया



**मिठवल/सिद्धार्थनगर।** स्टेट बैंक आफ इंडिया बैंक की तेलौरा शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 02 परिवारों को बड़ी राहत मिली है। मृतक रमेश चन्द्र व रेनु देवी के परिवार को बीमा क्लेम के रूप में 2 लाख रुपये मिले हैं। मंगलवार को उनके खाते में 2 लाख रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया है। शाखा प्रबन्धक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक व वित्तीय साक्षरता केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूकता कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक कर बीमा एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारें में जानकारी दिया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत बैंक बहुत कम प्रीमियम पर यह बीमा सुविधा प्रदान करता है। ज्यादा से ज्यादा लोगो को यह बीमा बैंक से करना चाहिए। इस अवसर पर स्टेट बैंक आफ इंडिया तेलौरा शाखा प्रबन्धक नुपुर रॉय एवं आरोह फाउण्डेशन से वित्तीय सलाहकार अनूप पाण्डेय व बीमा धारक के स्वजन मौजूद रहें।

# सरयू पुल को यातायात के लिए नही खोल पाने,, झूला पुल के लिए धन स्वीकृत नही होने और जलसंस्थान द्वारा व्यापारियों को दस हजार रुपए तक का बिल भेजने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष खफा

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** नगर के प्रमुख मोटर मार्ग में सरयू नदी पर बने मोटर पुलसहित झूला पुल का पुनर्निर्माण नही किए जाने और नगर के व्यापारियों को जलसंस्थान विभाग द्वारा सात हजार से11हजार रुपए तक पेयजल संयोजन का बिल भेजने से व्यापार मंडल में रोष है। नगर के सरयू नदी पर बना सरयू पुल का काम रोकने के विरोध में एनएच रानीखेत, झूला पुल की डीपीआर बनने के 51 दिन बाद भी धन स्वीकृत नहीं होने के विरोध में नगर पालिका बागेश्वर व होटल मिठाई व्यापारियों का पानी का बिल सात हजार से से 11हजार रुपए तक बिल भेजने के विरोध में जल संस्थान बागेश्वर का सरयू पुल तिराहा बागेश्वर में सभी विभागों का सामूहिक पुतला दहन किया गया ।नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में व्यापारी नेता एसबीआई तिराहे में एकत्रित हुए ।और सभा कर नगर की प्रमुख समस्या और सरयू नदी पर बने मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नही होने और अधूरे में ही निर्माण कार्य रुकने से सरयू पुल के यातायात के लिए नही खुलने से व्यापारियों सहित आमजन को सुगम यातायात में परेशानी होने और तय समय मे निर्माण कार्य पूरा नही किए जाने से व्यापारियों को हो रही परेशानी के लिए जिलाप्रशासन और एनएच रानीखेत को जिम्मेदार ठहराते हुए शीघ्र पुल का अवशेष कार्य पूर्ण करते हुए पुल को यातायात के लिए खोलने की मांग की ।साथ ही झूला पुल का निर्माण कार्य अब तक शुरू नही होने पर व्यापारियों के साथ ठगी करने के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया ।साथ ही व्यापारियों को जलसंस्थान द्वारा दिए गए भारीभरकम बिल के विरोध में सामूहिक रूप से एनएच लोनिवि और जलसंस्थान विभाग का पुतला दहन किया।



# भ्रष्टाचार के कई परत से लिपटा है ग्राम पंचायत पटखौली

वेलकम इंडिया

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बांसी के ग्राम पंचायत पटखौली में सभी योजनाएं भ्रष्टाचार के नीचे सिकुड़ कर कराह रही हैं। डेढ़ साल पूर्व विकसित भारत यात्रा में काजू, किशमिश व बादाम का लुत्फ उठा चुके जिम्मेदारों को अपने कमीशन से मतलब है, तो संवैधानिक सुरक्षा का लबादा ओढ़े प्रधान दोनों हाथों से रुपये बटोरने में लगे हैं। लम्बी प्रक्रिया के पश्चात गांवों को मुख्य विकास के धारा में जोड़ने के लिए लगे उच्चस्तरीय कवायद कितना कामयाब है इसकी बानगी बन रहे अन्नपूर्णा भवन को देखकर लगाया जा सकता है। ईंट, बालू, सीमेन्ट और



लोहे में अपनी कमाई के चलते कितना दिन चलेगा इसको देखने और समझने के लिए किसी के पास अवसर नहीं है। इसी क्रम में संजय के खेत से लेकर उमेश के खेत तक नाला खुदाई के नाम पर करीब 55 से अधिक लोगों की फोटो से फोटो हाजिरी अलग कहानी बयान कर रही है।

# शिक्षकों की पदोन्नति व सेवा सुरक्षा पूर्व की भांति सुनिश्चित किया जाय: चेत नारायण सिंह

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह के नेतृत्व में शिक्षा निदेशक माध्यमिक महेंद्र देव से मिलकर ज्ञापन सौंपा और विन्दुवार वार्ता की।

प्रदेश अध्यक्ष ने मांग किया कि जो शिक्षक, कर्मचारी एनपीएस से पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए गए हैं उनके जीपीएफ का खाता खोलकर 31 मार्च 2025 तक उनके एनपीएस की कटी हुई राशि को जीपीएफ में जमा की जाय। वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनपीएस राज्यांश अद्यतन खाते में जमा कराने व पिछले बकाए की राशि को उपलब्ध कराने के लिए बजट निर्गत कराया जाय और प्रान एकाउन्ट को अपडेट कराया जाय। जब तक उत्तर प्रदेश शिक्षा आयोग सेवा नियमावली जारी नहीं करता तब तक इंटर मीडिएट एक्ट में सन्निहित धाराओं के अनुसार पदोन्नति एवं सेवा सुरक्षा के लिए जनपद व मंडल अधिकारियों को निर्देश जारी किए जाय। बस्ती, संत कबीर नगर जनपद के 2018 के 3 माह के एनपीएस के बकाए की मांग की गई। प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि मूल्यांकन के दौरान शिक्षकों की सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए सभी जिला विद्यालय निरीक्षक व उप नियंत्रक को निर्देश दिया जाय। वित्तविहीन शिक्षकों की सेवा सुरक्षा व मानदेय बैंक के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। सेवानिवृत शिक्षकों के पेंशन जीपीएफ का भुगतान समय से कराया जाय। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, उपाध्यक्ष रजनीश चौहान, स्वरज पाल दुहुन, प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी सहित अन्य लोग सम्मिलित रहे।

# ब्रजभूमि के स्पर्श से ही ब्रजराज का मिलना संभव : मदन मोहन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/ गोवर्धन।** श्रीमदभागवत व्यास निमोर्ही अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन मोहन दास जी ने कहा कि ब्रजराज की भक्ति ब्रजभूमि के स्पर्श के बिना संभव नहीं है। श्रीमद्भागवत भागवत पुराण कथा मानव को अहंकार रहित जीवन जीने की कला सिखाती है। भागवत कथा एक ऐसी औषधि है जिसके अमृतपान करने से जन्म मरण के रोगों से छुटकारा मिल जाता है। व्यास मदन मोहन दास जी परिक्रमा मार्ग स्थित मुखिया गार्डन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति की रस वर्षा कर रहे हैं।

सोमवार को आयोजित कथा में उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी पावनी कथा है। जिसे सुनकर प्राणी अपना एहिलोक के साथ परलोक भी सुखी बना लेता है। यह एक ऐसा अमृत पान है, जिसे जितना पान करेंगे उतना ही आनन्द प्राप्त करेंगे। नामदेव जी की भक्ति का गुणगान किया। सतीश मुखिया ने कथा ब्यासपीठ पर विराजमान मदन मोहन दास जी का गिरिराजजी का प्रसादी दुपट्टा उड़ाकर व गोर गोपाल मुखिया ने आरती उतारकर स्वागत किया। केशव राहुल ने प्रसाद वितरण किया। मुकुंद मोहित हेमंत सोनी श्वेता ने व्यवस्थाओं को अंजाम दिया।

# गिले शिकवे दूर करने का पर्व है: पूरन सिंह सिसोदिया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/चौमुहां।** होली गिले शिकवे दूर करने का प्रमुख पर्व है। होली बृज की विरासत है। अधर्म पर धर्म की विजय और अदुभुत भक्ति का सूचक भी है। ये विचार रविवार को ब्रह्मा जी की नगरी में जाटव मोहल्ले मे आयोजित हुरंगे में पूरन सिंह सिसोदिया ने व्यक्त किए। उन्होने कहा कि दुनिया में होली होती है मगर बृज में होरा होता है। होली बृज की पहचान है। लोगों को द्वेष भावना मिटाकर एकजुटता का संदेश देती है। भक्त प्रहलाद की भक्ति की शक्ति भी एक अनूठी राह दिखाती है। महिलाओं का उत्सावर्धन किया। हुंरगा आयोजक बिहारी लाल उर्फ पूरन सिंह सिसौदिया द्वारा लगातार कई वर्षो से कराये जा रहे हुंरगा आयोजन के लिए बस्ती की सरदारी ने आभार जताया।

हुरंगा तीन बजे से शुरू होकर सांय 7 बजे तक चलता रहा। हुरंगा में हजारों महिला-पुरुषों ने भाग लेकर जमकर हुंरगा खेला। हुरियारे, हुरियारिनों को प्रेम भरी गाली देकर भाग रहे थे तभी महिलायें उन पर छडी की मार दे रही थीं। हुरंगा में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को पूरन सिंह सिसौदिया ने पुरस्कार देकर स्म्मानित किया। जिससे महिलायें गदगद नजर आई। पूरन सिंह सिसौदिया ने ये भी कहा कि होली और हुरंगा ब्रज की शान है। सभी को पूरी साल इस दिन का इंतजार रहता है।।हुरंगा की व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा। हुरंगा देख हर कोई प्रसन्नचित्त हो रहा है। हुरंगा में हर कोई मदहोश नजर आ रहा था। हुंरगा में घोडी के नृत्य ने भी समां बांध दिया। तमाम दुकानदारों ने हुरंगा में विभिन्न प्रकार की दुकानें भी लगा रखी थीं। हुंरगा का दृश्य मेले के रुप में नजर आ रहा था। हुरंगा में हजारों लोगों ने भाग लिया। कस्बा के अलग-अलग थोकों से महिलाओं ने टोली में आकर गायन करते हुए प्रतिभाग किया। ढोल, ढप, नगाडे की थाप पर लोग नाचते गाते हुए जा रहे थे। इस मौके सुखवीर ठेकेदार, विजय, कन्हैया सभासद, ऊदल अमरचंद नेता, बच्चू सिंह, उदयचंद नेता, गिर्राज, मूलचंद सिंह, नेत्रपाल, पवन, कुलदीप, दीपक आदि लोग मौजूद रहे।

# टनकपुर-दौराई ट्रेन के नियमित होने से ख्वाजा के दीवानों को मिली राहत

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** अजमेर के लिए बरेली से होकर गुजरने वाली टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस का अब 30 मार्च से सप्ताह में चार दिन संचालन होगा। पहले इस ट्रेन को स्पेशल ट्रेन बनाकर चलाया जा रहा था लेकिन अब ट्रेन को नियमित कर दिया गया है। रेलवे की तरफ से ट्रेन का नियमित नंबर भी जारी किया गया है। जिससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। आपको बता दें कि अजमेर में दरगाह ख्वाजा गरीब नवाज में हाजिरी लगाने के लिए बरेली मंडल से बड़ी संख्या में लोग हर महीने जाते हैं। जिसके लिए अभी तक बरेली जंक्शन से आला हजरत एक्सप्रेस का ही नियमित संचालन होता है। लेकिन अब रेलवे प्रशासन ने ख्वाजा के दीवानों के साथ अन्य यात्रियों की सुविधा के लिए 15092/15091 टनकपुर-दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस का संचालन 30 मार्च से सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को और दौराई से 31 मार्च से सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को किया जाएगा। अभी तक इस ट्रेन के स्पेशल ट्रेन होने के कारण यात्रियों को अधिक किराया भी देना पड़ता था लेकिन अब नियमित नंबर से चलने के कारण इस ट्रेन का किराया भी कम हो जाएगा। 15092 एक्सप्रेस टनकपुर से 18:20 बजे चलकर खटीमा 18:45 बजे, पीलीभीत 19:27 बजे, भोजीपुरा 20:05 बजे, इज्जतनगर 20:45 बजे, बरेली सिटी 21:10 बजे, बरेली जंक्शन 21:20 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद 00:45 बजे, गाजियाबाद 03:20 बजे, दिल्ली 04:40 बजे, किशनगढ़ 12:22 बजे, अजमेर जंक्शन 13:20 बजे और दौराई 13:55 बजे पहुंचेगी। वापसी में 15091 दौराई से 16:05 बजे चलकर अजमेर 16:35 बजे, दूसरे दिन दिल्ली 00:35 बजे, गाजियाबाद 01:27 बजे, मुरादाबाद 04:10 बजे, चंदौसी 05:15 बजे, बरेली 06:35 बजे, बरेली सिटी 06:50 बजे, इज्जतनगर 07:06 बजे, भोजीपुरा 07:21 बजे, पीलीभीत 07:58 बजे और खटीमा 08:45 बजे और टनकपुर 09:35 बजे पहुंचेगी।

# सरकार ने जो सब्जी व फलों पर मार्केट फीस लगाई थी वह बजट में हटाने की उम्मीद किसान व आढ़तियों को थी- बजरंग गर्ग

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा)** - हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा के वार्षिक बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों को निराशा हाथ लगी है। हरियाणा में उद्योग लगाने के लिए सरकार को बजट में बिजली के बिलों में सब्सिडी व कम ब्याज पर लोन देने का नियम बनाना चाहिए था और बजट में पेट्रोल व डीजल पर वेटकर कम करने की उम्मीद जनता को थी। बजरंग गर्ग ने यह भी कहा कि सरकार ने जो सब्जी व फलों पर मार्केट फीस लगाई थी वह बजट में हटाने की उम्मीद किसान व आढ़तियो को थी। सरकार द्वारा बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों रियायतें ना देने से प्रदेश में पहले से ज्यादा बेरोजगारी बढ़ेगी। बेरोजगारी बढ़ने से प्रदेश में अपराध व नशा बढ़ता है, जो हरियाणा के लिए नुकसान दायक है।

# आशा खेदड़ हिसार, अशोक सैनी हांसी जिला अध्यक्ष नियुक्त



**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) :** भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय व प्रदेश चुनाव समिति के निदेर्शानुसार जिला के लिए गठित चुनाव समिति ने हिसार व हांसी जिला के अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। कार्यकताओं की सहमति के बाद आशा खेदड़ को हिसार व अशोक सैनी को हांसी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा ने यह घोषणा की। इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, मेयर प्रवीण पोपली, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, पूर्व मंत्री अनूप धानक व वरिष्ठ नेत्री सरोज सिहाग भी इस मौके पर उपस्थित रहे और उन्होंने दोनों जिला अध्यक्षों को फूलमालाएं डालकर स्वागत किया।

जिला चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा ने दोनों जिला अध्यक्षों की घोषणा करते हुए कहा कि केन्द्रीय व प्रदेश चुनाव समिति के निदेर्शानुसार जिले के लिए चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई। इसके लिए कार्यकताओं से आवेदन लिए गए, जिसके तहत दोनों जिलों से लगभग 70 आवेदन जिला अध्यक्ष के लिए आए। इसके बाद सबकी रायसुमारी के बाद सर्वसम्मति से आशा खेदड़ को हिसार व अशोक सैनी को हांसी जिला अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति के बाद बाकी दावेदारों ने अपने नाम वापिस ले लिए। उन्होंने दोनों जिला अध्यक्षों की घोषणा करते हुए उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि वे अपने अपने जिलों में संगठन को आगे बढ़ाएंगे।

इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर खरा उतरते हुए वे पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगी और सभी कार्यकताओं के सहयोग से सरकार व पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाएंगे। हांसी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने इस अवसर पर कहा कि संगठन के निदेर्शानुसार उन्हें नवगठित हांसी जिला का पहला अध्यक्ष बनाया गया है, इसके लिए वे संगठन के आभारी है। प्रदेश व जिले के नेताओं ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया व रणधीर सिंह धीरू, जिला महामंत्री आशीष जोशी व संजीव रेवड़ी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सह मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा, प्रवीण जैन, मनदीप मलिक, अशोक मित्तल, अनिल सैनी, कृष्ण बिश्नोई, रतन सैनी, डीएस पानू, सुनीता रेड्डू, सुदेश चौधरी, दिव्या सेठी, शक्ति चौधरी, सुरेश गोयल धूपवाला, अनिल गोदारा, कैप्टन नरेन्द्र शर्मा, सतीश सुरलिया, घनश्याम शर्मा, लोकेश असीजा, विकास जैन, दीपक अग्रवाल सहित अन्य नेताओं ने भी दोनों नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को बधाई दी।

# दीक्षित इंश्योरेंस फिनकॉर्प एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** दीक्षित इंश्योरेंस फिनकॉर्प मथुरा के द्वारा बीमा क्षेत्र में अपनी अग्रिम भूमिका निभाने के साथ ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करते हुए बीमा क्षेत्र में नए आयाम बनाने के लिए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के मार्केटिंग डायरेक्टर एंड चीफ मार्केटिंग एजुकेटिव ऑफिसर नवीन चंद्र झा व चीप एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सेल राकेश कौल के साथ आगरा ब्रांच के सेल्स मैनेजर रिंकू मोदी ने दीक्षित इंश्योरेंस फिनकॉर्प मथुरा के निर्देशक विनोद दीक्षित निदेशक नरेंद्र दीक्षित को संयुक्त रूप से शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्देशक विनोद दीक्षित नरेंद्र दीक्षित ने कहा इस सम्मान के लिए हमारे सम्मानित ग्राहक है जिनकी वजह से हमें यह सम्मान मिला है यह सम्मान सभी मथुरा वासियों को समर्पित है आगे भी हम इसी तरह की अपनी सेवा देते रहेंगे जिससे समाज को बीमा से जोड़कर उनके आने वाली कठिनाइयों को हम दूर कर सकें ऐसा हमारा प्रयास जारी रहेगा।

# पूर्व विधायक जय चौबे के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नीतू सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने कल उत्तर प्रदेश में जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी संत कबीर नगर जिले में भारतीय जनता पार्टी ने नीतू सिंह को जिला अध्यक्ष बनाया है जहां कल पार्टी कार्यालय पर नीतू सिंह का जोरदार स्वागत किया गया था वही आज खलीलाबाद सदर से पूर्व विधायक और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष नीतू सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए उनका जन्मदिन भी बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व विधायक जय चौबे के साथ पहुंचे जिले के प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव सहित भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं ने फूल गुलदस्ता भेंट करते हुए जिला अध्यक्ष नीतू सिंह को बधाई दी। पूर्व विधायक जय चौबे और उनकी टीम से स्नेह और सम्मान पाकर जिला अध्यक्ष नीतू सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। आपको बता दे की आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर खलीलाबाद सदर से पूर्व विधायक रहे भारतीय जनता पार्टी के नेता दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के साथ पार्टी कार्यालय पहुंचे मौका था नव नियुक्त जिला अध्यक्ष नीतू सिंह के स्वागत समारोह का सबसे पहले पूर्व विधायक या चौबे ने नीतू सिंह को आज जन्मदिन की बधाई देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव के साथ के काटते हुए जिला अध्यक्ष नीतू सिंह को बधाई दी वही पूर्व विधायक जय चौबे के साथ पहुंचे सैकड़ो कार्यकताओं ने फूल गुलदस्ता भेंट करते हुए नव नियुक्त जिला अध्यक्ष नीतू सिंह का जोरदार स्वागत किया। अपनों से प्यार और स्नेह पाकर जिला अध्यक्ष नीतू सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह के दौरान पूर्व विधायक जय चौबे ने जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में एक जन नेता के पौत्रबधू को जनपद की जिम्मेदारी सौपी है यह बेहद सराहनीय है। हम आशा करते है जिस तरीके से शीर्ष नेतृत्व ने नीतू सिंह को जिला अध्यक्ष बनाया है वह पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे और संत कबीर नगर जिले में एक नया आयाम साबित करेंगी।

# जाट जन चेतना महासभा ने अनेक प्रतिभाएं सम्मानित की

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** जाट जनचेतना महासभा संस्था द्वारा भरतपुर रोड पर स्थित मैरिज होम पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस आयोजन मे राजा महेंद्र प्रताप सिंह और चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के जीवन पर प्रकाश डालने वाली पुस्तक ₹उजली राहों पर उड़ते परिन्दे₹ (लेखक डॉ कृष्ण पाल सिंह तेवतिया, प्रवक्ता भौतिकी) का विमोचन किया गया। जागरूकता मिशन के अंतर्गत एडवोकेट राजेंद्र वर्मा, सुप्रीम कोर्ट आदि को उत्तम कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के प्रणेता, राजनीतिज्ञ एव उद्योगपति एच पी सिंह परिहार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाज में जाग्रति एवं प्रेरणा के लिए श्री परिहार ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर संस्थाओं द्वारा किए जाने चाहिए, जिस कारण समाज को एक दूसरे से मेल-मिलाप और परिचर्चा का अवसर प्राप्त हो सके। ऐसे आयोजनो से विशिष्ट व्यक्तित्व का सम्मान, समाज को अग्रसारित करने में सहायक होता है, जिसमें समाज को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होने समाज में व्याप्त कुरीतियों, असहयोग, दहेज प्रथा, मृत्यु भोज आदि पर अपने विचार रखे। समाज से इन बुरी आदतों से पीछा छुड़ाने के लिए सहयोग मांगा। आकांक्षा चौधरी (राया) द्वारा महिला शक्ति को बढ़ चढ़कर विकास के पथ पर चलने की प्रेरणा के साथ, महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार दिये। संस्था सचिव डॉ कृष्ण पाल सिंह तेवतिया ने बताया कि यह समाज के लिए गौरव की बात है कि समाज के प्रेरणादायक, युग पुरुष, किसान कामगारों के मसीहा ₹चौधरी चरण सिंह₹ पूर्व प्रधानमंत्री को लंबे समय के पश्चात स्वाभाविक ₹भारत रत्न₹ दिया गया है। यह सम्मान समस्त जाति के लिए एक सम्मान व प्रेरणा है। उम्मीद करते हैं इसी तरह के मसीहा, समाज से समय - समय पर आगे आते रहेंगे। रामदुलारी महिला उपाध्यक्ष ने महिलाओं को आगे बढ़कर समाज में अपने आप को स्थापित करने के लिए अपने विचार दिये। डा अशोक सिकरवार (बलदेव पब्लिक स्कूल) द्वारा समाज में चिन्तन कर जागरूकता करने व शिक्षा के क्षेत्र मे विशेष योगदान देने का आवाह्न किया। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कोआर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार पत्रकार आदि अतिथियों ने उपस्थित समस्त सजातीय बंधुओं को पटुका व स्मृति चिन्ह प्रदान कर समामनित किया। विशिष्ट अतिथियों ने शिव कुमार सिंह (एस आर जी), नरेंद्र चौधरी, पूजा, रेखा रानी (उत्तम अध्यापक), डौली चौधरी को मंच से सम्मानित किया। इस अवसर पर सजातीय बंधुओं ने साथ एक - दुसरे से परिचय, राधा कृष्ण के स्वरूपों द्वारा संस्कृतिक, होली नृत्य के साथ-साथ विभिन्न ख्याति प्राप्त कवि रामेंद्र ब्रजवासी, बलबीर बैचैन, विनय अलबेला, राम खिलाड़ी स्वदेशी, ओमप्रकाश डागर, सूरज बेनीवाल की हास्य कवितओं का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम का मंच संचालन कप्तान सिंह, चन्द्रपाल सिंह अध्यापक ने किया। पत्रकार चन्द्रप्रताप सिंह सिकरवार ने भी उदबोधन किया। कार्यक्रम को सूचारू रूप देने में लव चौधरी (बिग बॉस शैलून), अनिल चौधरी (चेयरमैन केडीसी कॉलेज, ओल), अनिल कुमार चौधरी (डायरेक्टर नेशनल पैथ सर्विस), जगदीश चौधरी (राधिका स्वीट), चौधरी सुरेश सिंह (बाबा कडेरा सिंह स्कूल, सौख), एडवोकेट विजय सिंह (राधिका हार्डवेयर), डा हरेश सोलंकी कृष्णानगर, रोहताश (मोशन एकेडमी) आदि का विशेष योगदान रहा।


# योगी सरकार की पुलिस ने आठ साल में एनकाउंटर में ढेर किए 222 दुर्दांत अपराधी

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** मेरठ रेंज डीआईजी कलानिधि नैथानी के नेतृत्व में अपराधियों पर कठोर अंकुश लगाकर करवाई की जा रही है। चाहे अवैध शस्त्र में सम्मिलित अपराधी हो या गोकशी में फरार चलने वाले अपराधी पर कानून का डंडा चल रहा है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के 8 साल पूरे हो चुके हैं। इतने वर्षों के कार्यकाल में सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। इस दौरान पुलिस ने 222 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया, जबकि 20,221 बदमाशों को पकड़ा। पुलिस की गोली से 8,118 बदमाश घायल हुए. 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई. 930 के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की गई. 142 अरब से अधिक की संपत्ति को जब्त भी किया गया।

डीजीपी ने बताया कि योगी सरकार द्वारा अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के तहत जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 तक ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 51 अभियुक्तों को मृत्युदंड, 6,287 अपराधियों को आजीवन कारावास, 1,091 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक की सजा, 3,868 अपराधियों को 10 से 19 वर्ष तक की सजा और 5,788 अभियुक्तों को 5 वर्ष से कम की सजा दिलाई गई।

> पुलिस की गोली से 8,118 बदमाश घायल हुए. 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई. 930 के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की गई. 142 अरब से अधिक की संपत्ति को जब्त भी किया गया।



# मोदी कॉलेज के छात्रों ने पोस्टर स्लोगन में उत्साह के साथ लिया भाग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** डॉक्टर केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में भारतीय मानक ब्यूरो की थर्ड एक्टिविटी पोस्टर स्लोगन मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी छात्रों ने भारतीय मानव ब्यूरो मानक पर पोस्टर बनाएं और स्लोगन लिखे इसमें प्रथम स्थान अक्षय वर्मा ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान विक्रांत वर्मा ने तृतीय स्थान अक्षित शर्मा ने प्राप्त किया।

बहुत छात्रों ने भी उत्कृष्ट पोस्टर बनाए स्लोगन लिखे। इसमें कृष्णा, सुमित, अभिनव, अनिरुद्ध आदि बहुत सारे छात्रों सराहना प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल व मैटर राजीव कुमार वर्मा रसायन विज्ञान प्रवक्ता ने की और कहा कि यह बच्चे भारतीय मानक ब्यूरो के बारे में बहुत प्रचार कर रहे हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया की जो भारतीय मानक ब्यूरो की लैब में उन्होंने हेलमेट की टेस्टिंग, खिलौने की टेस्टिंग, बिजली के उत्पादों की टेस्टिंग करते हुए देखा कि कई हजार बार इसे वहां टेस्ट करके उसकी गुणवत्ता जांच किया जाता है जब प्रोडक्ट उपभोक्ताओं के पास पहुंचती है। हमारे कॉलेज के छात्र जागरूकता अभियान में तन मन धन से लगे हुए हैं। वह घर परिवार रिश्तेदारों में जा जाकर बीआईएस केयर ऐप को प्रयोग करना सीखा रहे हैं कि इसके माध्यम से आप जो भी प्रोडक्ट खरीदते हैं।उसकी गुणवत्ता कैसे देखी जाती है।जगह-जगह जाकर बीआईएस केयर ऐप में कैसे किसी प्रोडक्ट की गुणवत्ता के बारे में जान सकते हैं वे गली मोहल्ले में जाकर भारतीय मानक ब्यूरो के कार्य को समझ रहे हैं कि वह किसी उत्पाद का मानक अलग-अलग विभाग से कैसे बनता है और वह फिर उसे भारतीय मानक ब्यूरो के मानक पर तैयार किया जाता है और फिर वह उपभोक्ताओं तक पहुंचता है।

# ड्यूटी जा रहे रेलवे कर्मी और ऑटो मालिक पर शराब के नशे में चढ़ाई गाड़ी, घायल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लिंक रोड़ थाना क्षेत्र में ड्यूटी करने जा रहे रेलवे कर्मी की गाड़ी पर शराब के नशे में धुत ने अपनी गाड़ी चढ़ा दी।

रेलवे कर्मी घायल हो गया और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। थाना टीला मोड में भी एक ऑटो मालिक टक्कर में घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दिव्य सिंघल, पुत्र स्व संजय सिंघल निवासी प्लट नंबर-7, सैक्टर-10, वसुंधरा, गाजियाबाद ने थाना प्रभारी लिंक रोड को दी तहरीर में कहा कि 14 मार्च को मेरा बड़ा भाई सागर सिंघल पुत्र स्व संजय सिंघल, जो कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कायज्रत हैं अपने ऑफिस को जाते वक्त जब वे डाबर चौक पहुंचा तो गलत दिशा से आ रही गाड़ी में दो लोग सवार थे। उस गाड़ी ने मेरे भाई कि गाडी में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिस कारण मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया उसके पैर भी टूट गए और गाडी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। जब मेरा भाई होश में आया तब उसने मुझे बताया कि गलत दिशा से आ रही गाड़ी ने सामने से जोरदार टक्कर मारी और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि गाडी का ड्राईवर व शराब के नशे में धुत था तथा शराबियों कि तरह गाडी चला रहा था। उक्त घटना में मेरे भाई कि गाडी भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## मेरठ परिक्षेत्र में किये गये सराहनीय कार्य

- परिक्षेत्र के जनपदो में चलाये जा रहे ₹ऑपरेशन शस्त्र₹ अभियान के अन्तर्गत जनपद मेरठ की थाना बहसूमा पुलिस द्वारा नाजायज तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार ।
- परिक्षेत्र के जनपदो में चलाये जा रहे ₹ऑपरेशन शस्त्र₹ अभियान के अन्तर्गत जनपद बुलन्दशहर की थाना सिकन्द्राबाद व थाना ककोड़ पुलिस द्वारा 01–01 अभियुक्त अवैध तमंचा, कारतूस सहित गिरफ्तार ।
- परिक्षेत्र के जनपदो में चलाये जा रहे ₹ऑपरेशन शस्त्र₹ अभियान के अन्तर्गत जनपद बागपत की थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने चैकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से अवैध तमंचा व जनपद गाजियाबाद से चोरी की हुई एक मो0सा0 हीरो स्प्लेण्डर बरामद।
- परिक्षेत्र के जनपद बुलन्दशहर की थाना खुर्जा देहात/नगर व स्वाट टीम देहात की लूट की घटना में वांछित बदमाशों से हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से लूटे गये रुपये, अवैध असलहा,कारतूस व बाइक बरामद ।
- परिक्षेत्र के जनपद बागपत की थाना रमाला पुलिस एवं सर्विलांस सैल की संयुक्त टीम द्वारा थाने के वांछित 25 हजार रुपये के इनामी एक अभियुक्त कासिम पुत्र सद्दीक ठेकेदार को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद ।
- परिक्षेत्र के जनपद मेरठ की थाना हस्तिनापुर पुलिस द्वारा हत्या की घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त गिरफ्तार ।
- परिक्षेत्र के जनपद हापुड़ की थाना सिम्भावली पुलिस ने गोकशी के अभियोग में फरार/वांछित चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।

# दहेज उत्पीड में विद्यालय की टीचर को हत्या

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने दहेज उत्पीड ? की से त्रस्त होकर फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। सुरालिये दहेज की मांग को लेकर लगातार उत्पीड ? कर रहे थे। मायके वालों ने दहेज लोभी ससुराल वालों के खिलाफ हत्या करने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृतका दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय में टीचर थी। थाना-इन्द्रापुरम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को दी तहरीर में कृष्णापुरा निकट तेल मिल मिल मोदीनगर कि मेरी पुत्री अनवीता शर्मा का विवाह गौरव कौशिक पुत्र सुरेन्द्र शर्मा निवासी सैक्टर 1, वसुन्धरा इंदिरापुरम के साथ 8 दिसंबर 2019 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार संस्कारित एवं सम्पन्न हुई थी, जिसमें मेरे द्वारा अपनी पुत्री अनवीता शमार्के विवाह में करीब 26 लाख रुपये खर्च किया था तथा समस्त घर गृहस्थी का सामान, कीमती सोने व चाँदी के जेवरात भी अपनी पुत्री के ससुराल वालों को दिया था, जो मेरी पुत्री के ससुराल वालों के कब्जे में है। गौरव कौशिक व उसके परिवार वालों द्वारा विवाह के समय चार पहिया वाहन अतिरिक्त दहेज के रूप में मांग करने पर रंग नीला दिया था, विवाह के कुछ समय बाद से ही प्रार्थी की पुत्री के ससुराल वाले दिये गए सामान से खुश नहीं थे और मेरी पुत्री का पति गौरव कौशिक, ससुर सुरेन्द्र शर्मा, सास मंजू शर्मा मेरी पुत्री को आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे एवम् अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मेरी पुत्री सरकारी शिक्षिका के पद पर (केवीएस दल्लुपुरा दिल्ली) में कार्यरत थी, उसकी समस्त वेतन, चैक बुक एवम् एटीएम कार्ड अपने अवैध कब्जे में रखते थे, तथा वापस मांगने पर मेरी पुत्री के साथ मार-पिटाई व गाली गलौच करते थे, मेरी पुत्री ने यह बात मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों को बताई थी, जिस पर गौरव कौशिक व अन्य ससुराल वालो से बात-चीत करने पर मेरी पुत्री को और अधिक शारीरिक व मानसिक यातनाएं देते थे तथा कहते थे कि जब तक हमारी दहेज की मांग पूरी नहीं होगी तब तक अनवीता के साथ ऐसा ही व्यवहार करेंगे।

# शिक्षाविद स्वर्गीय आनंद स्वरूप माहेश्वरी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** शिक्षाविद स्वर्गीय आनन्द स्वरूप माहेश्वरी की पुण्य-तिथि पर श्रद्धांजलि सभा में नगर के गणमान्य लोगों ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।तुलसी राम माहेश्वरी सीनियर सैकेण्डरी पब्लिक स्कूल द्वारा यहां एक वेंकट हॉल की सभागार में स्वर्गीय सेठ आनन्द स्वरूप माहेश्वरी की चालीसवीं पुण्य तिथि मनाई गई। स्वर्गीय आनंद स्वरूप माहेश्वरी के जेष्ठ पुत्र विनोद कुमार माहेश्वरी व उनकी सुपुत्री श्रीमती पुष्पा माहेश्वरी नरेन्द्र माहेश्वरी, कुमुद माहेश्वरी,गौरव माहेश्वरी, श्रीमती राधिका माहेश्वरी,अंकुर माहेश्वरी तथा आशीष माहेश्वरी व परिवार के सभी सदस्यों व बच्चों द्वारा उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर व नमन करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तुलसी संस्थापक एवं नगर के गणमान्य व सम्मानित लोगों द्वारा तथा सोसाईटी के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भजन व सुविचारों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। श्रद्धांजलि सभा में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न गणमान्य व शिक्षाविदों ने भाग लेकर सेठ जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होनें मोदीनगर में बॉयज इंटर कालिज, कन्या इंटर कालिज व तुलसी राम माहेश्वरी सीनियर सैकेण्डरी पब्लिक स्कूल मोदीनगर की स्थापना कर, शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया। आज की युवा पीढ़ी के लिए, सेठ जी के अविस्मरणीय कर्म सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। कार्यक्रम के समापन के पश्चात विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य श्याम लाल, प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ,एवं डा0 संगीता शर्मा के द्वारा, भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर, डिजिटल तकनीक द्वारा, स्वर्गीय सेठ के विभिन्न प्राचीन चित्रों के माध्यम से उनकी स्मृति के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को दर्शाया गया। मंच का संचालन श्रीमती सरिता गुलाटी द्वारा किया गया। समाज के गणमान्य विद्वान जनों में सुभाष शर्मा, दिनेश माहेश्वरी, अनिल वरिष्ठ, डा0 राजेन्द्र सिंह, डा0 अजय गुप्ता, ओंकार सक्सेना व अजय माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे। मोदी इंटर कालिज के पूर्व प्रधानाचार्य डा0 दिनेश शर्मा द्वारा इस कार्यक्रम में उपस्थित आगन्तुकों का धन्यवाद किया ।

# पुलिस में आरक्षी पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** अमृत सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में ग्रामीण अंचल कलछीना में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पद पर चयनित होने पर उनके आवास पर जाकर प्रमाण पत्र देकर माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही उनके माता-पिता, दादा-दादी तथा चयनित अभ्यर्थियों को मिठाई खिला कर प्रसन्नता जाहिर की तथा उज्जवल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में अध्यक्षता इमरान प्रधान की रही।तालिब व सालिम के सम्मान करते हुए उनके माता-पिता अनवर,किश्वर जहाँ, जहीर, गुलफराज तथा दादी दादा का भी पुष्प वर्षा करके सम्मान किया।अनेक ग्रामीणों तथा बच्चों के साथ डाक्टर उपेन्द्र कुमार आर्य, हरभजन सिंह डाक्टर ब्रम्हपाल सिंह, राजकुमार प्रजापति, अनूप, शर्बत, नजाकत, हसरत, इमामुद्दीन, इस्तकबाल, हामिद,शेरू, खलील, डाक्टर अनिला सिंह आर्य आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतिभा को संवरने के लिये प्रथम पायदान शिक्षा है।सभी को अपने विकास के लिए प्रयास रत रहना चाहिए। तभी तो हम राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाते हैं।

# अखिल भारतीय साहित्य मंच के सौजन्य से सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** अखिल भारतीय साहित्य मंच, मोदीनगर के सौजन्य से सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन आर्य समाज मंदिर, तिबड़ा रोड मोदीनगर के सभागार में किया गया। सर्व प्रथम माँ वाग्देवी के समक्ष कवि राम कुमार सौमित्र, डॉ श्रद्धा नंद शर्मा,कवि ब्रजकण आदि ने दीप प्रज्वलित कर माँ को श्रद्धा भाव से सभी ने पुष्प अर्पित किए। माँ वाणी की सरस्वती वंदना मंच की उपाध्यक्ष नगर कवयित्री श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा की गई।अंध कक्ष में रचूं कविता, नहीं रोशनी की दरकार।चरणों की धूलि है चंदन,करो प्रार्थना तुम स्वीकार। की श्रोताओं द्वारा मुक्त कंठ से सराहना की गई। इसी श्रंखला में कवि देवी शरण ₹पश्यक₹ ने देवी देवताओं की होली का विषद वर्णन किया, बानगी देखें--बिरज में होली का हुड़दंग किशन जी खेलें राधा संग।मणिकर्णिका शिवजी आए साथ में गौरा जी को लाए चिता भस्म से खेलें होली संग हैं नागा नंग धड़ंग।।व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर रवीन्द्र शर्मा ने हाई सोसाइटीज में कैसे होती है होली को विस्तार दिया। इसके पश्चात अपनी एक गजल- हम क्या थे और क्या हो गए,बलवान थे कमजोर हो गए। पत्थर उछालने की चाह में,हाथ पीछे बाँध खड़े हो गए।को श्रोताओं द्वारा बहुत पसंद किया गया। इस अवसर पर कवि दरियाब सिंह राजपूत ₹ब्रजकण₹ और कवि राम कुमार सौमित्र ने मंच संरक्षक डॉ श्रद्धानंद शर्मा का ससम्मान जन्म दिवस मनाया। साथ ही काव्यमय रचनाओं से सभी श्रोताओं की खूब वाह वाह लूटी। अंत में अमित कुमार अरोड़ा ₹जगमोहन₹ ने अपनी कविता से डॉ श्रद्धानंद शर्मा जी को रंग बिरंगी बधाई देने के साथ साथ ₹कुत्ते की टेड़ी पूंछ₹ रचना सुनाकर श्रोताओं को लोट-पोट कर दिया।

# एमएसएमईएस को को वैश्विक बाजार से जोडे के लिए भव्य औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा बिल्ड भारत एक्सपो 2025 का आयोजन 19 से 21 मार्च 2025 तक भारत मंडपम, हॉल नंबर-6, नई दिल्ली में किया जा रहा है।

इस भव्य औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह 19 मार्च को सुबह 11 बजे केंद्र और राज्य सरकार के कई गणमान्य मंत्रियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। इस एक्सपो का उद्देश्य भारत, विशेषकर उत्तर भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमईएस) को प्रोत्साहित करना एवं औद्योगिक क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों व व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ावा देना है। एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश के एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन विभाग द्वारा भी इस एक्सपो को समर्थन दिया गया है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि विकसित भारत के निर्माण में लघु उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, एमएसएमईएस को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर दिलाकर हम इन उद्योगों को सशक्त बनाना चाहते हैं। बिल्ड भारत एक्सपो 2025 इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि इस एक्सपो को सफल बनाने के लिए भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और दिल्ली सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। एक्सपो में विजिट निःशुल्क है, लेकिन इच्छुक विजिटर्स को ँ३३स्र२://७स्रङ्ग१२३१३ङ्गल्ल.ल्ल/४ ह्णँ१३ी७स्रङ्ग-५१२३ङ्ग१.२स्र७ पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। आईआईए के उपाध्यक्ष एवं बिल्ड भारत एक्सपो 2025 के संयोजक राजीव बंसल ने बताया कि तीन दिवसीय एक्सपो के दौरान उद्योग विकास पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर वोकल फॉर लोकल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकल टू ग्लोबल थीम के तहत बिजनेस ग्रोथ के अवसरों पर चचाएं होंगी। इसके अतिरिक्त, 20 मार्च 2025 को ऑस्ट्रिया, ईरान, मलेशिया, रूस सहित 25 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के साथ नेटवर्किंग डिनर मीटिंग आयोजित की जाएगी। आईआईए के महासचिव आलोक अग्रवाल ने बताया कि इस एक्सपो में देश के प्रमुख औद्योगिक संगठनों के ए-20 जॉइंट फोरम के साथ-साथ प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आईआईटी रुड़की भी भाग ले रहा है। ये संस्थाएं इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजिकल अपडेट, स्टार्टअप विलेज कॉन्सेप्ट और पेटेंट्स की प्रदर्शनी करेंगे जिससे युवा उद्यमी लाभान्वित होंगे।

# भारतीय किसान यूनियन किसान सभा संगठन का किया विस्तार

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन किसान सभा की केंद्रीय कार्यालय ग्राम सौदा में एक पंचायत की गई। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी को संगठन में निष्ठा एवं समर्पण वह मेहनत को देखते हुए सत्येंद्र त्यागी को भारतीय किसान यूनियन किसान सभा का राष्ट्रीय संरक्षक व भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के यूवा प्रदेश अध्यक्ष विनीत त्यागी की संगठन में मेहनत को देखते हुए विनीत त्यागी को भारतीय किसान यूनियन किसान सभा का युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। दोनों नेताओं ने कहा कि हम किसानों व मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे व अपने अनुभव व कर्मठ भाव से इस संगठन को किसानों वह मजदूरों के बीच पहुंचाने का कार्य करेंगे पंचायत में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष देवरत धामा,जिला अध्यक्ष अरुण कसाना, मोहसिन खान मेरठ मंडल उपाध्यक्ष, युवा जिला अध्यक्ष आशु त्यागी, गौरव त्यागी, हरिओम त्यागी, शाहनवाज खान, गौरव शर्मा,कालूराम, अमरीश त्यागी, इरफान खान, सुबोध त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# सोसाइटी के निवासियों ने पशु प्रेमियों के खिलाफ खोला मोर्चा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** फ्लैट ऑनर्स फेडरेशन, राज नगर एक्सटेंशन ने सोमवार को लावारिस कुत्तों के आतंक के खिलाफ एक मुहिम शुरू की है। इस मुहिम के तहत, फेडरेशन ने हाई राइज सोसाइटीज में लावारिस कुत्तों का आतंक बड़े पैमाने पर होने का सर्वे किया है। इस सर्वे में पाया गया है कि तथाकथित कुत्ता प्रेमियों के द्वारा अनियमित और अव्यवहारिक गतिविधियां करना, बाहर के कुत्तों को गाडि ?ों में बंद कर सोसाइटीज के अंदर छोड़ देना, सोसाइटी प्रबंधन के द्वारा भी इस मुद्दे पर बहुत अधिक ध्यान न देना, और नगर निगम के द्वारा भी इस विषय पर गंभीरता और नियम पूर्वक कार्य का न करना भी है। फेडरेशन ने पिछले दिनों केडीपी ग्रैंड सवाना, राज नगर एक्सटेंशन में तमाम निवासियों के साथ इस मुद्दे पर विमर्श किया, जिसमें पाया कि कुत्तों के भय से लोग डंडे लेकर निकलते हैं। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है। कुत्तों के हमले की कई भयानक घटनाएं पहले इस सोसाइटी में हो चुकी हैं और आगे भी कब किसके साथ घटना घटित हो जाए इसकी कोई गारंटी नहीं है। ऐसी हालत में फेडरेशन ने हर सोसाइटीज के लोगों से विमर्श करने की प्रक्रिया शुरू की है और एक हस्ताक्षर अभियान भी निवासियों के द्वारा चलाया जाएगा।

# एनडीआरएफ की 8वीं वाहिनी में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की राष्ट्रीय क्षमता निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन





**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) में सोमवार से दो दिवसीय राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की राष्ट्रीय क्षमता निर्माण प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

यह प्रतियोगिता पूरे भारत में एनडीआरएफ की विभिन्न वाहिनियों द्वारा चार अलग-अलग जोनों (नॉर्थ जोन, साउथ जोन, वेस्ट जोन और ईस्ट जोन) में आयोजित की जा रही है। नोर्थ जोन की प्रतियोगिता का आयोजन 8वीं बटालियन, एनडीआरएफ द्वारा किया जा रहा है, जिसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड सहित सात राज्यों की एसडीआरएफ की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 142 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं, जिन्हें एनडीआरएफ की विभिन्न वाहिनियों द्वारा एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर एनडीआरएफ के डीआईजी गंभीर सिंह चौहान और 8वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रवीण कुमार तिवारी उपस्थित रहे। डीआईजी गंभीर सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विभिन्न राज्यों की आपदा प्रबंधन टीमों की तैयारियों का मूल्यांकन करना और उनके कौशल व विशेषज्ञता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच तैयार करना है। इसके साथ ही, सीएसएसआर (ढही संरचना खोज और बचाव) टीमों की क्षमता और योग्यता में वृद्धि करना। विभिन्न एजेंसियों के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान और नवाचार को बढ़ावा देना। सहयोग और समन्वय को मजबूत करना। 8वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता नॉर्थ जोन, साउथ जोन, वेस्ट जोन और ईस्ट जोन में करवाई जा रही है। इसके बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन भी 8वीं वाहिनी, एनडीआरएफ में ही किया जाएगा। इस प्रतियोगिता से राज्यों की आपदा प्रबंधन टीमों को न केवल अपने कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, बल्कि इससे टीमों की आपदा प्रबंधन क्षमता और समन्वय भी मजबूत होगा।

# महापौर की सख्ती से अवैध कूड़ा डंपिंग पर लगाम, तीन ट्रैक्टर किए गए जब्त

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** शहर में अवैध कूड़ा डंपिंग पर महापौर सुनीता दयाल की सख्ती के नतीजे अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। विजय नगर क्षेत्र के कॉर्बन कंपनी के पास नगर निगम की भूमि पर लगातार अवैध रूप से कूड़ा डाला जा रहा था। इससे पहले भी महापौर ने रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान अवैध कूड़ा डंपिंग में शामिल ट्रैक्टरों को जब्त किया था। शनिवार को महापौर सुनीता दयाल को फिर से अवैध कूड़ा डाले जाने की सूचना मिली।

इस पर महापौर ने तत्काल अपनी टीम को सक्रिय करते हुए ट्रैक्टरों की ट्रैकिंग कराई। मौके पर पहुंची टीम ने नगर निगम के जेडएसओ ओमपाल और सफाई इंस्पेक्टर स्वेता की मौजूदगी में तीन ट्रैक्टर नाले की शील्ड के साथ जब्त कर लिए। इसके बाद इन ट्रैक्टरों को नगर निगम के गैराज में खड़ा कराया गया। जांच में सामने आया कि यह कूड़ा औद्योगिक क्षेत्र से लाया गया था और यूपीएसआईडीसी (उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम) के माध्यम से अवैध रूप से डलवाया जा रहा था। इसकी पुष्टि के लिए आगे जांच की जा रही है। महापौर सुनीता दयाल की इस सख्ती के बाद विजय नगर क्षेत्र के लोग भी जागरूक हो गए हैं। अवैध कूड़ा डंपिंग की सूचना मिलने पर स्थानीय निवासी तुरंत नगर निगम को जानकारी दे रहे हैं, जिससे अवैध कूड़ा डंपिंग पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सका है। महापौर ने कहा कि नगर निगम की सीमा में अवैध कूड़ा डंपिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी अवैध कूड़ा डंपिंग के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। नगर आयुक्त के निर्देशन में अवैध कार्यों पर लगाम कसने के लिए नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## बाप ने शराब के नशे में दुष्कर्म के बाद की थी मासूम की हत्या, गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में पड़ोसन की ओर से दी गई कढ़ी खाने के बाद प्रॉपर्टी डीलर के पांच बच्चों की तबीयत बिगडे और इलाज के दौरान सात वर्षीय बच्ची की मौत की कहानी फर्जी निकली। पुलिस के मुताबिक प्रॉपर्टी डीलर ने ही 12 मार्च की रात नशे की हालत में मासूम बेटी के साथ दुष्कर्म किया और बदनामी के डर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म और हत्या की पुष्टि होने के बाद प्रॉपर्टी डीलर की पोल खुल गई। पूछताछ में जुर्म कबूलने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों का कहना है कि कढ़ी खिलाकर जान से मारने के आरोप में जेल भेजी गई पड़ोसन को रिहा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। खुशी वाटिका कॉलोनी निवासी ज्ञान सिंह प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। घर में पत्नी के अलावा नौ वर्षीय, सात वर्षीय और तीन वर्षीय बेटियां तथा आठ वर्षीय और चार वर्षीय बेटे हैं। ज्ञान सिंह ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाली शांति देवी के यहां कढ़ी बनी थी। शांति देवी ने 11 मार्च की रात आठ बजे कढ़ी भिजवाई थी। ज्ञान सिंह के मुताबिक, कढ़ी खाने के बाद उसके पांचों बच्चों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। 13 मार्च की सुबह सात वर्षीय बेटी की मौत हो गई।

## दूसरी के चक्कर में पत्नी को जिंदा जलाया, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी को पेट्रोल डालकर जला दिया। पीड़िता को पहले लोनी अस्पताल ले जाया गया। बाद में स्थिति गंभीर होने पर दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी महिला से शादी करने के चक्कर में अपनी पत्नी को जिंदा जलाने वाले का पुलिस ने इमाम को अरेस्ट कर लिया है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़िता के भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। 25 वर्षीय पीड़िता 45 प्रतिशत जल गई है। आरोपी पति आरिफ पानीपत में इमाम है और वहां पढ़ाता है। पुलिस जांच में सामने आया कि पीड़िता को अपने पति की दूसरी शादी का पता चला था। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। पत्नी ने दूसरी शादी का विरोध किया, जिसके बाद पति ने यह घटना को अंजाम दिया। पीड़िता लोनी क्षेत्र में रहती है, जबकि आरोपी पति पानीपत में रहता है। पुलिस ने मामला दजज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता का इलाज जीटीबी अस्पताल में जारी है।

## अनाधिकृत कालोनियों पर जीडीए की कार्रवाई के खिलाफ महिलाओं को बनाया ढाल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की अनाधिकृत कालोनियों पर चल रही बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ अब कालोनाइजरों ने नया रास्ता निकाल लिया है। अब इन कालोनियों में भूखंड खरीदने वाले परिवारों की महिलाओं को विरोध के लिए आगे किया जा रहा है। सोमवार को मुरादनगर के असालत नगर के लोगों ने तब राहत की सांस ली, जब जीडीए का बुलडोजर वहां नहीं पहुंचा। जानकारों का कहना है कि जिस तरह जीडीए के वरिष्ठ अधिकारी प्रवर्तन जोन के अंतर्गत आने वाले इलाकों में औचक निरीक्षण कर रहे हैं, यदि प्रवर्तन जोन आठ के इलाकों का निरीक्षण किया जाए तो यह साफ हो जाएगा कि दिल्ली सीमा से सटे लोनी क्षेत्र में सबसे अधिक अनाधिकृत कालोनियां काटी जा रही हैं। यही नहीं, यहां सबसे ज्यादा अवैध निर्माण भी हो रहे हैं क्योंकि इस इलाके में जीडीए से नक्शे मंजूर नहीं किए जाते। सूत्रों के अनुसार, जीडीए के प्रवर्तन विभाग ने मुरादनगर के असालत नगर में तोडफोड़ की योजना बनाई थी।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को भाजपा नेता ने दी बधाई

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** मयंक गोयल को गाजियाबाद महानगर भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है।

सोमवार को भाजपा नेता एसपी सिंह, पूर्व पार्षद कुसुम सिंह, रमाकांत पांडे, राम झा, केके दुबे और पूर्व पार्षद विजेंद्र सिंह चौहान ने मयंक गोयल को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भाजपा नेताओं ने मयंक गोयल के नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने और पार्टी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की उम्मीद जताई है। इस मौके पर मयंक गोयल ने सभी नेताओं और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

## थूक कर रोटी बनाने का वीडिया वायरल

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में एक होटल का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक युवक तंदूर पर रोटी बनाते समय आटे की लोई पर थूकता नजर आ रहा है। पुलिस ने इसरार नामक युवक को किया गिरफ्तार।

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि युवक आटे की लोई को बेलने के दौरान उस पर थूक रहा है और फिर उसे तंदूर में डाल रहा है। यह वीडियो मुरादनगर के नाज होटल का बताया जा रहा है। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने इस मामले में मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसीपी मसूरी ने बताया कि वीडियो की जगह की पुष्टि की जा रही है। इसके बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करकार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर लोग इस कृत्य की निंदा कर रहे हैं। कई लोगों ने ऐसी घटनाओं पर सख्त कानून बनाने की मांग की है।

## एडीएम सिटी गंभीर सिंह को मुख्यमंत्री कार्यालय से मिला होली गिफ्ट



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश सरकार से होली के त्योहार पर मिठाई और गुझियां प्राप्त हुआ। एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।




## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर सोमवार को रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल, डासना द्वारा सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में छोटे बच्चों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और उनके स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच की गई। शिविर में डॉ. यश ने बच्चों की आंखों की जांच, ऊंचाई और वजन मापा और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों और बच्चों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी और सभी आवश्यक टीके समय पर लगवाने के लिए प्रेरित किया। सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल ने इस सफल आयोजन के लिए रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल को धन्यवाद दिया। रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल के आयोजकों ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर इस शिविर का आयोजन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हम भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करते रहेंगे। सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य सपना अहलावत ने कहा, हम अपने स्कूल परिसर में इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन करके खुश हैं।

# कूड़ा डंपिंग के खिलाफ सात गांवों के प्रधानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** ग्रामीण इलाकों में नगर निगम द्वारा किए जा रहे कूड़ा डंपिंग के खिलाफ सात गांवों के लोग सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और नाराजगी जताते हुए इससे होने वाली परेशानियों से एडीएम को अवगत कराया। मसूरी थाना के गांव ढ़बारसी, नहाल, आकलपुर, समयपुर निगरावटी, निडौरी और मसौता के सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर इस समस्या के समाधान की मांग की। ग्राम प्रधानों के नेतृत्व में सैकड़ों लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और फिर ग्राम प्रधानों का एक प्रतिनिधिमंडल अपर जिलाधिकारी (एडीएम से मिला। ग्रामीणों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम द्वारा जंगल और कृषि भूमि में कूड़ा फेंकने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध डंपिंग के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, जिससे गांवों में बीमारियां फैल रही हैं। किसानों की फसलें भी नष्ट होने की कगार पर हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कूड़ा लाने वाले ट्रकों और डंपरों की वजह से सड़कें खस्ताहाल हो चुकी हैं। स्कूल जाते बच्चों, साइकिल और मोटरसाइकिल सवारों के लिए रास्ते बेहद खतरनाक हो गए हैं। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी, ग्राम प्रधान पति बासिद अली, बॉबी प्रधान, प्रधान निगरावटी, प्रधान निडोरी, प्रधान समयपुर समेत कई किसान नेता और ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस डंपिंग को रोका नहीं गया तो वे बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर क्या कदम उठाता है।

## ढाई लाख के जेवरात नाती ने किए साफ, एफआईआर

**गाजियाबाद।** थाना नंदग्राम क्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग अधिवक्ता ने पुलिस में अपने धेवते और उसके कुछ दोस्तों के खिलाफ लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी करने का केस रजिस्टर्ड कराया है। आरोप है कि करीब ढाई लाख के जेवरात इन लड़कों ने न सिर्फ चोरी किए बल्कि उन्हें बेच भी दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस बाबत केस रजिस्टर्ड कराने वाले बुजुर्ग अधिवक्ता नंदग्राम के कृष्णानगर मेरठ रोड निवासी हैं। उन्होंने पुलिस को दर्ज कराई एफआईआर में आरोप लगाया है कि उनका नाती उनके पास रहकर ही पढ़ाई कर रहा था। उसे पढ़ाने के लिए इलाके के ही एक निजी स्कूल में उन्होंने दाखिला दिला रखा है। आरोप है कि नाती ने अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर उनके घर में रखे 2.40 लाख कीमत के जेवरात चोरी किए और उन्हें बेच डाला। बुजुर्ग अधिवक्ता ने तहरीर में जिक्र किया है कि 2023 में एक सड़क हादसे में उनके दामाद की मौत हो गई थी। इस कारण नाती को पढ़ाने-लिखाने और उसका भविष्य संवारने के लिए वो उसे अपने साथ ले आए थे।

# पुलिस ने दो शातिर ठगों को किया गिरफ्तार, रियाल का लालच देकर की थी ढाई लाख की ठगी

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर ठगों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 लाख रुपये नकद, सोने की एक अंगूठी और सोने के टॉप्स बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद कलम (पुत्र टीकू खान) निवासी सीलमपुर, दिल्ली और इमरान उर्फ अबुल हसन (पुत्र अब्दुल जब्बार) निवासी झुग्गी, सीमापुरी, दिल्ली के रूप में हुई है। सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन, सलोनी अग्रवाल ने सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ताहिरपुर कट, डीएलएफ के पास से दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने विदेशी मुद्रा (सऊदी रियाल) का झांसा देकर लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। मोहम्मद कलम और इमरान उर्फ अबुल हसन ने खुलासा किया कि उन्होंने करीब दो महीने पहले 80 फुटा रोड, शालीमार गार्डन के पास एक महिला को झांसे में लेकर सोने की दो अंगूठियां, सोने के कान के टॉप्स और एक सोने की चेन ठगी थी। बरामद अंगूठी और टॉप्स इसी वारदात से संबंधित हैं, जबकि ठगी से प्राप्त चेन और एक अंगूठी को दिल्ली में बेच दिया गया था। बेचे गए आभूषणों से मिले पैसे को दोनों ने नशे और शौक मौज में खर्च कर दिया। आरोपियों ने बताया कि करीब 6-7 दिन पहले इन्होंने अपने साथी रेशमा के साथ मिलकर भोपुरा चौक, डीएलएफ के पास एक व्यक्ति को सऊदी रियाल देने के बहाने 2 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की थी।

## दो बाइक और स्कूटी चोरी

**गाजियाबाद।** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

खोड़ा में दोस्त के घर गए युवक की स्कूटी चोरों ने उड़ा ली। शालीमार गार्डन में नमाज पढे गए नमाजी की बाइक चोरी हो गई। उधर, इंदिरापुरम इलाके से घर के बाहर खड़ी बाइक भी चोर ले गए। पुलिस ने सभी मामले दर्ज कर लिए हैं। थाना खोडा में दी तहरीर में सचिन गुप्ता पुत्र हरिओम गुप्ता निवासी सेक्टर 63 राहुल विहार बहरामपुर गली नंबर-24 ने कहा कि वह 14 मार्च को अपने भाई गौरव गुप्ता पुत्र उमाकेश गुप्ता निवासी प्रगति विहार गली नंबर- 7 के यहाँ आया था। मैंने अपनी स्कूटी (इलेक्ट्रिक) लाकर खड़ी की थी। कुछ समय बाद मैं वहाँ पर आया तो मुझे स्कूटी वहाँ पर नहीं मिली।

# जंतर-मंतर पर हनुमान चालीसा पढे के ऐलान पर यति नरसिंहानंद नजरबंद

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद सरस्वती और उनके समर्थकों को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। महामंडलेश्वर ने सोमवार के दिन जंतर-मंतर पर हनुमान चालीसा पाठ करने की घोषणा की थी। यह कार्यक्रम मौलाना मदनी द्वारा वक्फ बोर्ड के समर्थन में आयोजित बैठक के विरोध में था। शिव शक्ति धाम मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद की सहयोगी डॉक्टर उदिता त्यागी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौलाना मदनी ने 17 मार्च सोमवार को जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में लोगों को एकत्र करने का आह्वान किया था। महामंडलेश्वर ने इस आयोजन का विरोध करने का निर्णय लिया था। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एहतियाती कदम उठाए हैं। महामंडलेश्वर को मंदिर में ही रोका गया है। उनके समर्थकों को भी घरों से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। डॉक्टर त्यागी के अनुसार, यह कार्रवाई किसी भी संभावित धार्मिक तनाव को रोकने के लिए की गई है। यति समर्थकों का कहना है कि यदि पुलिस मौलाना अरशद मदनी को रोक लेती तो हम भी रुक जाते, लेकिन पुलिस ने उन्हें जाने दिया जबकि यति नरसिंहानंद और उनके समर्थकों को रोका जा रहा है।